सुविचार
आपके द्वारा किया जाने वाला व्यवहार आपको दिए गए संस्कारों को प्रदर्शित करता है..!!

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

Mother's Basket
Kitchen Herbs & Spices
Swad jo pahuche dil tak

वर्ष 8, अंक-1 www.yuvapradesh.in भोपाल, शुक्रवार 10 फरवरी 2023 ypnews24@gmail.com पृष्ठ -8 मूल्य 2 रुपये

## क्या है दोहरे दण्ड से संरक्षण, का मौलिक अधिकार जानिए/Fundamental of Right.......



भारतीय संविधान में सभी नागरिकों को समानता का अधिकार प्राप्त है एवं सभी को समान विधि के अनुसार न्याय मिले सके लिए संविधान में नागरिकों को बहुत से मौलिक अधिकार प्राप्त है एक कुछ विधियां मोलिक विधि होती है और कुछ विधियां कानूनी होती है मोलिक विधि वह विधि होती है जिसे अनुच्छेद 32 के अंतर्गत सुप्रीम कोर्ट का संरक्षण प्राप्त होता है एवं कानूनी विधि वह विधि होती है जो राज्य सरकार के बनाई जाती है एवं अनुच्छेद 226 के अंतर्गत संरक्षण दिया जाता है। हम बात कर रहे हैं आरोपी व्यक्ति को दोहरे दण्ड से कब संरक्षण प्राप्त होता है जानिए।

### भारतीय संविधान अधिनियम,1950 के अनुच्छेद 20(2) की परिभाषा?

किसी भी व्यक्ति को एक ही अपराध के लिए एक बार से अधिक अभियोजित एवं दण्डित नहीं किया जाएगा। साधारण शब्दों में कहे तो किसी पुलिस अधिकारी को भ्रष्टाचार के आरोप में विभागीय अधिकारी द्वारा दण्डित किया गया है एवं उसी अपराध में न्यायालय द्वारा दण्ड संहिता की धारा के अंतर्गत दण्डित किया गया है तब ऐसा अधिकारी दोहरे दण्ड का संरक्षण लेने का अधिकार रखता है एवं न्यायालय द्वारा मौलिक विधि के अंतर्गत ही दण्ड मान्य होगा न की कानूनी विधि के अंतर्गत।

### दोहरे दण्ड से संरक्षण के अधिकार लिए तीन शर्तो का होना आवश्यक है-

1. व्यक्ति का आरोपी होना आवश्यक है।
2. कार्यवाही या विचारण किसी न्यायालय या न्यायिक अभिकरण के समक्ष हुई हो।
3. आपराधिक मामला किसी विधि अपराध के संबंध में हो एवं जिसमे दण्ड का प्रावधान भी हो।

**?? लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)**
9827737665

## सिविल कोर्ट के ऑडर के खिलाफ कब अपीलीय न्यायालय में अपील कर सकते हैं जानिए/CPC.......



जब कोई वाद सिविल कोर्ट में दायर किया जाता है एवं सिविल न्यायालय उस वाद में डिक्री(न्यायिक निर्णय) या आदेश पारित कर देता है तब कोई भी ऐसा पक्षकार जो उस निर्णय या आदेश से प्रसन्न नहीं है अपीलीय न्यायालय में अपील कर सकता जानिए।

### सिविल प्रक्रिया संहिता,1908 की धारा 96 की परिभाषा-?

सिविल कोर्ट द्वारा पारित ऐसी डिक्री, निर्णय, आदेश जिसके कारण कोई भी एक पक्षकार संतुष्ट नहीं है वह अपने अपीलीय न्यायालय में निर्णय ,डिक्री, आदेश आदि को निरस्त करने के लिए अपील कर सकते हैं।

**विशेष नोट-** 1. एकपक्षीय पारित मूल डिक्री की अपील हो सकेगी।

2. कोई भी व्यक्ति निर्णय के अप्रसन्न हैं वह अपीलीय न्यायालय में अपील कर सकता है, चाहे वह व्यक्ति उस मामले में पक्षकार हो या न हो।

3. पक्षकारों की सहमति से पारित डिक्री, निर्णय के खिलाफ कोई अपील नहीं की जा सकती है।

अपीलीय न्यायालय की श्रेणी में प्रमुख तौर पर से जिला जज व उच्च न्यायालय होते हैं?

**?? कानूनी जानकारी लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान(अलीगढ़, उत्तर प्रदेश) मोबाईल 7999293638**

## समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय का पंजीयन से 28 फरवरी तक

**भोपाल।** जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती मीना मालाकार ने बताया कि जिले में रबी विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय का पंजीयन 6 फरवरी से 28 फरवरी तक किया जाएगा। श्रीमती मालाकार ने बताया कि गेहूं विक्रय करने के लिए किसानों का पंजीयन स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, ग्राम पंचायतों के सुविधा केन्द्र, सहकारी समिति, महिला स्व-सहायता समूह, एफपीओ, एफपीसी केन्द्रों पर निःशुल्क पंजीयन किया जा रहा है। इसके अलावा एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोकसेवा केन्द्रों पर निजी व्यक्तियों द्वारा सायबर कैफे पर 50 रूपए शुल्क जमा कराकर 6 से 28 फरवरी तक प्रातः 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक पंजीयन करवा सकते है। श्रीमती मालाकार ने बताया कि सीकमी, बटाईदार एवं वन पट्टाधारी किसानों के पंजीयन सहकारी समिति, महिला स्व-सहायता समूह, एफपीओ, एफपीसी केन्द्रों पर किए जाएंगे।

### आदिवासी कोटे से नौकरी पाकर धर्म बदलने वालों की मुसीबत

## जनजातीय सुरक्षा मंच ने की डी-लिस्टिंग की मांग, कल भोपाल में 80 हजार आदिवासियों की रैली

**भोपाल।** मप्र में इस साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। ऐसे में आदिवासी बीजेपी के खासे टारगेट पर हैं। आदिवासी वोटर्स को अपने पाले में लाने के लिए बीजेपी और खासकर संघ ने नई बहस शुरु की है। भोपाल में जनजातीय सुरक्षा मंच ने ऐसे लोगों को आदिवासियों की सूची से हटाने यानि डी-लिस्टिंग करने की मांग कर रहे हैं जो लोग आदिवासी कोटे से नौकरी में आए और बाद में धर्म परिवर्तन कर आदिवासी परंपराओं और पूजा पद्धतियों को छोड़ दिया। विश्व संवाद केन्द्र में जनजाति सुरक्षा मंच के क्षेत्र संयोजक कालुसिंह मुजाल्दा, जनजातीय विषयों की विशेषज्ञ डॉ दीपमाला रावत, जनजाति सुरक्षा मंच के प्रदेश संयोजक कैलाश निनामा, जनजातीय, संवैधानिक मामलों के विशेषज्ञ और सीएम शिवराज सिंह चौहान के ओएसडी डॉ लक्ष्मण सिंह मरकाम ने संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त किए। डीलिस्टिंग शब्द इसलिए प्रयोग में आ रहा है क्योंकि जो लोग आदिवासी समाज की मूल पहचान प्रकृति को छोड़कर चले गए हैं जहां वे जनजातीय समाज की रुढि परंपराओं को नहीं मानते हैं। और वे आदिवासी अधिकारों पर अतिक्रमण करते हैं। वे संख्या में कम होते हुए भी जनजातीय समाज की पूरी संख्या को मिलने वाले लाभों पर अतिक्रमण करते हैं। ये मांग उन लोगों को उनकी संख्या के अनुपात में लाभ मिलते रहें इसमें किसी को कोई दिक्कत नहीं हैं।




### जो ब्यूरोक्रेट्स आदिवासी कोटे से नौकरी में आते हैं और बाद में धर्म परिवर्तन कर लेते हैं उनको लेकर क्या रणनीति है?

शेड्यूल कास्ट के आर्टिकल 341 में ये स्पष्ट है जो लोग एससी में चिन्हित किए जाते हैं। और वो ऐसे धर्म में परिवर्तित हो जाते हैं संविधान में जिसमें जाति प्रथा परिवर्तित होने पर लाभ नहीं देने का प्रावधान है तो नौकरी में एससी को मिलने वाले लाभ से वंचित होंगे और उनकी जो संतानें हैं वो भी एससी समाज के सर्टिफिकेट के लिए पात्र नहीं होगी। ये एक प्रावधान किया जा सकता है। लेकिन आदिवासी समाज को लेकर ऐसा कोई प्रावधान नहीं हैं। मूल जनजातीय समाज है वो भावी पीडी की रक्षा करने के लिए जो लोग आदिवासी परंपराओं को छोड चुके हैं वो अपनी परिवर्तित समाज की संख्या के अनुसार लाभ लें। न कि जनजातीय समाज के हकों पर अतिक्रमण करें। मरकाम- ट्राइबल आइडेंटिटी डिफाइन करना संसद का काम है।

## मोदी जी के सपनो को साकार कर रहें है मामा शिवराज- श्री रामेश्वर शर्मा



**भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को दुनिया का सबसे समृद्धशाली और शक्तिशाली राष्ट्र के साथ -साथ आत्मनिर्भर भारत बनाने के उनके इस सपने को मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान पूरा कर रहें है, केंद्र एवं प्रदेश सरकार की डबल इंजन सरकार का दम है जो आज पूरे मध्यप्रदेश में विकास की रफ्तार हमे दिखाई दे रही है। यह बात हुजूर विधायक श्री रामेश्वर शर्मा ने हुजूर विधानसभा की विकास यात्रा में कही। ज्ञात हो कि विधायक श्री रामेश्वर शर्मा ने संत रविदास जी की जन्म जयंती पर उन्हें नमन कर हुजूर विधानसभा में विकास यात्रा का भव्य शुभारम्भ किया। हुजूर विधानसभा की विकास यात्रा नगर निगम के वार्ड 85 के स्वर्णकुंज में 22 लाख की सड़क निर्माण का भूमि पूजन, बर्रई होते हुए जनपद पंचायत फंदा के झागरिया, बंगरसिया, बगरोदा, सेमरी, बावडिया खुर्द, अमझरा, बांसिया, जमुनिया, सांकल टांडा, बिलखिरिया, छावनी पठार, डंगरोली, सहित अन्य गाँवों में पहुंची । इस दौरान विधायक श्री रामेश्वर शर्मा ने अनेक निर्माण कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। विकास यात्रा के दौरान विधायक श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों के हितलाभ प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया। विधायक श्री शर्मा ने कहा कि मोदी जी शिवराज जी की विशेष कृपा से और हुजूर विधानसभा के नागरिको के आशीर्वाद से हुजूर विधानसभा को हम मध्यप्रदेश की नंबर एक विधानसभा बनाने की दिशा में काम कर रहें है । हुजूर विधानसभा के हर हिस्से में आज विकास के कार्य जारी है। सड़को का जाल हो या हर घर नल से जल, सीवेज नेटवर्क हो या सार्वजनिक सड़क परिवहन यह सुविधाएं मुहैया कराकर आज हम समृद्ध हुजूर विधानसभा की परिकल्पना को पूर्ण कर रहें है। विधायक शर्मा ने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से विकास का यह क्रम निरन्तर जारी रहेगा।

### 8 हजार से अधिक नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान में स्वीकृति पत्र हितग्राहियों को वितरित किए

## बैरसिया में विकास यात्रा एवं संत रविदास जयंती के अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**भोपाल।** बैरसिया विधानसभा में विकास यात्रा के शुभारंभ अवसर पर बैरसिया में संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। बैरसिया विधायक श्री विष्णु खत्री द्वारा विकास यात्रा और निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के अंतर्गत पात्र हितग्राही को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

विधायक श्री विष्णु खत्री ने बताया कि चिरायु मेडिकल कॉलेज के लगभग 200 से अधिक चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ द्वारा बैरसिया के 8 हजार से अधिक नागरिकों का कैम्प लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस कैम्प में जेपी अस्पताल के डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टॉफ द्वारा स्वास्थ्य कार्ड भी बनाए गए और दिव्यांगजनों के कृत्रिम अंगों का माप भी शिविर में लिया गया। शिविर में 650 दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए जिसमें से 40 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं ट्रायसाईकिल प्रदान की जाएगी। स्वास्थ्य शिविर में 50 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। विधायक श्री खत्री ने कहा कि विकास यात्रा



में विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्रामों और कस्बों में पात्र हितग्राहियों को लाभांवित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो पात्र हितग्राही लाभ से वंचित हैं उन्हें भी विकास यात्रा में शामिल कर लाभ दिया जाएगा। श्री खत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अनेकों विकास कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि गरीबों, महिलाओं के उत्थान के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। श्री विष्णु खत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहना योजना लागू की है जिसमें प्रत्येक बहनों को एक हजार रूपए प्रतिमाह दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस योजना में लगभग एक करोड़ महिलाएं को लाभ मिलेगा। श्री विष्णु खत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना, आयुष्मान कार्ड, संबल योजना, मुख्यमंत्री कन्या योजना, मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्न योजना, किसान हितग्राही योजना जैसे अनेकों-अनेक योजनाओं का लाभ नागरिकों दिया जा रहा है। विकास यात्रा में रोजगार एवं स्किल डेवलपमेंट बोर्ड अध्यक्ष श्री शैलेष शर्मा, चिरायु मेडिकल कॉलेज सीएमडी डॉ. अजय गोयनका, बैरसिया एसडीएम श्री आदित्य जैन, जनपद पंचायत सीईओ श्री दिलीप जैन, तहसीलदार श्री संतोष मुदगल, नायाब तहसीलदार श्री सुनील शर्मा, चिकित्सक, जनप्रतिनिधि, नागरिकगण उपस्थित थे।

## नीलेश कुमार दिवाकर युवा समाज सेवक,भोजपुर विधानसभा मैं उभरता हुआ युवा


नीलेश कुमार दिवाकर

रायसेन जिला के भोजपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाली डुगांरिया पंचायत के एक छोटे से गांव पोनियां के रहने वाले नीलेश कुमार दिवाकर ने अपनी स्कूली पढ़ाई शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बाड़ी से पुरी की और फिर अपने कालेज की पढ़ाई भोपाल मे मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय से स्तानक पूरा किया। नीलेश को शुरू से ही समाज सेवा करने की रूचि है और हमेशा से ही समाजिक कार्यों मैं अपना योगदान देते रहे हैं। भोजपुर विधानसभा मे ग्रामीण क्षेत्रों मे युवाओं से संपर्क साधा और आज सोशल मीडिया के माध्यम से बहुत से युवा उनसे जुड़ रहे हैं। और युवाओं को अपने साथ जोड़ने के लिए अपना पुरा दमखम लगा रहे हैं। जो 2023 के विधानसभा चुनाव में अहम पहलू हो सकता है। नीलेश आने विधानसभा चुनाव मे युवाओं की एक बड़ी लॉबी खडी कर सकते हैं। वक्त किस ओर करवट लेगा यह तो समय ही बताएगा लेकिन बाडी ब्लाक औबेदुल्लागंज ब्लॉक सुल्तानपुर,मण्डीदीप के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों मैं युवाओं पर ज्यादा जोर दे रहे हैं। जिसमें खासतौर पर अनुसुचित जाति ओर अनुसुचित जनजाति के युवाओं को जोड़ना उनका अहम लक्ष्य है। क्योंकि भोजपुर विधानसभा की रीढ़ ग्रामीण क्षेत्रों को ही माना जाता रहा है। इसलिए उनका पुरा ध्यान ग्रामीण क्षेत्रों पर ही है।उनका मानना है की क्षेत्र मैं अभी भी कुछ गांव ऐसे हैं जो काफी पिछडे है उनको जागरूक करना लोगों को उनके अधिकारों के बारे मै जानकारी देना उनका मुख्य उद्देश्य है। उनका मानना है की शिक्षा इंसान के जीवन का मुख्य पहलू है इसलिए आने वाली पीढ़ी का शिक्षित होना बहुत जरूरी है। उसके लिए छोटे वर्ग का जागरूक होना और शिक्षा के लाभ को समझाना बहुत जरूरी है।

## वैलेंटाइन डे स्पेशलः लव,लाफ,लॉस्ट अमेजन पर लेखिका तनीषा की किताब को मिल रहा है भरपूर प्यार


तनीषा सिंह लेखिका

जैसा कि कहा गया है कि प्रतिभा की कोई उम्र नहीं होती है। मध्य प्रदेश के छोटे से शहर की एक युवा प्रतिभा अपने एक उपन्यास लव,लाफ,लॉस्ट के साथ आ रही है। यह उपन्यास अंग्रेजी में है तथा हिन्दी में भी जल्द उपलब्ध होगा। Amazon पर इस वैलेंटाइन डे को अपने प्रियजनों को यह उपन्यास उपहार में देकर खास बना देगा। तनीषा सिंह छोटी उम्र में बहुमुखी प्रतिभा की धनी हैं। उन्होंने छोटी सी उम्र में अपना एक खास नाम बना लिया है। तनीषा सिंह एक गायिका,लेखिका,चित्रकार व कलाकार हैं। लेखिका तनीषा सिंह की किताब लव,लाफ,लॉस्ट ने लोगों को बहुत प्रभावित किया है। उपन्यास मे आज के युवाओं की प्रेम कहानी को व्यक्त किया है, कैसे दो प्रेमियों के जीवन में केसे केसे उतार, चड़ाओ आते है। इस विषय पर आधारित एक कहानी है। यह एक वास्तविक प्रेम कहानी से प्रेरित है। अभी तक जिन पाठकों का रुझान मिला है, उन सभी युवाओं पर इस प्रेम कहानी ने जबरदस्त प्रभाव छोड़ा है। मध्यम आयु वर्ग के युगल अपने काम से प्यार करते हैं, काम और प्यार के बीच का समंजस दोनों के बीच एक रोचक कहानी को घटित करता है। आज के युवा केरियर के प्रति समर्पित भावना से कार्य करते है। इस उम्र में लड़का लड़की का मिलना स्वभाविक होता है। मगर केरियर और प्यार के बीच समंजस स्थापित करना और अधिक कहानी को दिलचस्प बना देता हैं। इसी कहानी को लेकर आ रही है तनीषा सिंह इनका उपन्यास हॉट सेलिंग पर है। तनीषा ने आगे बताया की उपन्यास की सफलता को देख कर उनको और आगे अच्छे उपन्यास दर्शकों के लिए लाने की प्रेरणा मिल रही है। उनकी सफलता के पीछे उनके परिवार का बेहद सपोर्ट रहा है। उपन्यास का सैम नाम का किरदार उनको बेहद पसंद है। भविष्य में वह एसे और उपन्यास,कहानिया,कविता,सॉन्ग,दर्शकों के बीच लाती रहेंगी।




### समझो और समझाओ



बहुत लोग हैं यहां
समझने और समझाने को
साथ उनका चाहिए जो
तैयार हो कुछ कर जाने को

जाति धर्म, भेदभाव , श्रेष्ठता
के नाम मिटा दिए लाखों को,
करोड़ों की तैयारी है
मारने और लडाने को
बहुजनो की संख्या घटाने को

धर्म कोई हो,जाति कोई
हो मानवता सबसे बड़ी है
फैला रहे हैं वैमनस्यता
हथियार धार्मिक छड़ी है,
इंसानियत ही जग में सही है
झुठे हावी है सच को हराने को

सद्भाव को जलाकर
कट्टरपंथी हावी है,
समानता की कीमत नहीं
असमानता प्रभावी है,
गरीबी बेबसी चरम पर है
कोई तैयार नहीं उसे हटाने को

इंसानों को भाई कहने में
शर्म आता है
पशु को मां कहने का
नीति भाता है,
क्यों तैयार हो ऐसे
कुप्रथा चलाने को
बहुत लोग हैं यहां
समझने और समझाने को
साथ उनका चाहिए
जो तैयार हो कुछ कर जाने को

**हरीश पांडल विचार क्रांति**

## गांजा के अवैध तस्करी के विरुद्ध अनूपपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाहीः चैकी फुनगा के द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा परिवहन करते स्वीफ्ट कार सहित 31.3 किग्रा. गांजा जप्त, वाहन सहित कुल कीमत 6.10 लाख,

**कैलाश कुमार/ अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री जितेन्द्र सिंह पवांर के द्वारा अवैध कारोबारियों के विरुद्ध निरंतर अभियान चालया जा रहा है। इसी अनुक्रम में अवैध मादक पदार्थ गांजा के परिवहन के संबंध में निरंतर प्राप्त हो रही षिकयतों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को कार्यवाही करने हेतु निर्देषित किया गया। इसी अनुक्रम में दिनांक 08.02.2023 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि अवैध मादक पदार्थ गांजा का परिवहन करते दो व्यक्ति सफेद रंग की स्वीफ्ट कार से जैतहरी से फुनगा के रास्ते केषवाही की ओर जाने वाले है। सूचना को पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा गंभीरता से लेते हुये अति.पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अभिषेक राजन, एसडीओपी अनूपपुर सुश्री कीर्ति बघेल एवं चैकी प्रभारी फुनगा उनि. सुमित कौषिक के नेतृत्व में विषेष टीमें गठित कर, फुनगा से केषवाही आने वाले मार्ग में सूचना की तस्दीक करने हेतु निर्देषित किया गया है। गठित विषेष टीम के द्वारा फुनगा से केषवाही की ओर चमन चैक में घेराबंदी की गई। इसी दौरान संदिग्ध वाहन सफेद रंग की स्वीफ्ट कार क्र0 सीजी 22 3627 के आने पर पुलिस टीम के द्वारा उसका पीछा किया गया, जो चिरई भार के जंगल ग्राम रक्सा रोड की ओर भागे, जंगल में पड़े पत्थर में टकराकर स्वीफ्ट कार क्षतिग्रस्त होकर फस गयी और आरोपी वाहन को वही जंगल को छोडकर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहे। फुनगा पुलिस टीम के द्वारा वाहन की तलाषी लेने पर वाहन की डिक्की में लगभग 31.3 किग्रा. अवैध मादक पदार्थ गांजा जिसकी अनुमानित कीमत 3.10 लाख रुपये एवं अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी में प्रयुक्त वाहन स्वीफ्ट कार की कीमत 03 लाख रुपये कुल मषरुका 6,10,000/-रु. को जप्त किया गया है। उक्त घटना पर चैकी फुनगा में अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20बी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में फरार आरोपी एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन मालिक के संबंध में तलाष एवं अग्रिम विवेचना की जा रही हैं। नषें के विरुद्ध की गई इस प्रभावी कार्यवाही से गांजे के अवैध कारोबार में निष्चित रूप से अंकुष लगेगा। सम्पूर्ण कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री जितेन्द्र सिंह पवांर एवं अति0 पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अभिषेक राजन के निर्देषन एवं एसडीओपी अनूपपुर सुश्री कीर्ति बघेल के मार्गदर्षन में चैकी प्रभारी फुनगा उप निरीक्षक सुमित कौषिक, सउनि. जितेन्द्र मिश्रा, आर. देवेन्द्र तिवारी एवं राकेष कनासे का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



### वोट से चोट

आसमान पर ठिकाने किसी के नहीं होते
अपनी ही वोट से हम हारे नही होते

वोट के बदले मँहगाई गरीबी बेरोजगारी पर
सरकार के चश्मे के नम्बर एक जैसे नही होते

पढ़े लिखे लोग यदि घरो से निकलते होते तो आज
सविधान बचाने की लड़ाई क्यो ना वोटो से लड़े होते

क्यो ना हम अपनी वोट की कीमत पहचानते होते
लोकसभा मे हमारे सांसद चुप नही बैठे होते

वोट से चोट कर रहे होते तो वोट का प्रचार
गरीब बेरोजगारों की भीड़ से मंच सजे नही होते



**मोहन मांडरे**
**विदिशा**

## निःशुल्क जनता स्वास्थ्य केंद्र



बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री, चुनाभट्टी, कोलार रोड भोपाल में सेवा के रुप में प्रति शनिवार कों शाम 4:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक आयोजित किया जा रहा है जिसमें विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टर टीम द्वारा निशुल्क जांच,परामर्श एवं मार्गदर्शन में इलाज और मेडिसिन निशुल्क उपलब्ध कि जा रहा हैं।

-स्वास्थ्य के प्रति सजगता एवं यह अनेक लोगों कों इसका लाभ मिल रहा है डॉ आकश मीना एवं उनकी टीम को बहुत-बहुत धन्यवाद..

## पौध-रोपण बन रहा है जन-अभियान : मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में पौध-रोपण अब जन-अभियान का रूप ले रहा है। लोग अपने जन्म-दिवस, विवाह वर्षगाँठ तथा अन्य अवसरों पर स्व-प्रेरणा से पौध-रोपण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में पौध-रोपण के बाद यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बरगद, जामुन और कचनार के पौधे रोपे। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ नसरूल्लागंज जिला सीहोर के श्री प्रजेश शिशिर तथा श्रीमती उमा शिशिर, राजगढ़ के सामाजिक कार्यकर्ता सर्वश्री प्रसम जैन, सारंगपुर के मनोज ठाकुर और भोपाल के अधिवक्ता तुषार कक्कड़ ने अपने जन्म- दिवस पर पौध-रोपण किया। नसरूल्लागंज के मोहन गुप्ता, श्रीमती करूणा गुप्ता, राजगढ़ के सर्वश्री सौरभ तिवारी, नितिन जैन, सार्थक नागर, समर्थ नागर, दीपक यादव, गोलू शर्मा, ध्रुव शर्मा आदि पौध-रोपण में सम्मिलित हुए। श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में सारंगपुर से आए सर्वश्री हंसराज राजपूत, सुनील नागर, पवन नागर, रामचरण गुर्जर तथा भोपाल के अरविंद सिंह पाल, पलाश जैन, आदित्य सिंह ने भी पौधे लगाए।

## आजीविका मिशन मे हुए भ्रष्टाचार के आरोपी के विरुद्ध शासन नए क्या एक्शन लिया जबाब दाखिल करे !

### सीनियर आईएएस नेहा मराव्या की जाँच रिपोर्ट पर शासन नए भ्रष्टाचारीयों पर क्या कार्यावहीं की है जबाब दाखिल करे : हाईकोर्ट

आजीविका मिशन के हेड ललित मोहन बेलवाल द्वारा सुनयोजित तरीके से किए गए हजारों करोड़ के भ्रष्टाचार को जनहित याचिका मे किया है उजागर !जाँच अधिकारी नेहा मराव्या ने आजीविका मिशन के हेड ललित मोहन वेलबाल, सुषमा रानी शुक्ला सहित कई आलाधिकारियो के विरुद्ध हजारों करोड़ का भ्रष्टाचार प्रमाणित पाकर दोषियों के विरुद्ध भारतीय दंड सहिता की बिभिन्न 10 आपराधिक धाराओ के तहत अपराध पंजीवद्ध करने की अनुशंसा सहित शासन को प्रेषित किया है जाँच प्रतिवेदन ! जाँच रिपोर्ट को हाईकोर्ट ने रिकार्ड पर लेकर याचिका मे संशोधन करके शामिल करने के दिए आदेश ! जबलपुर 09/02/2023- मध्य प्रदेश आजीविका मिशन के हेड रिटायर्ड आईएफएस ललित मोहन बेलबाल तथा स्टेट प्रोजेक्ट मैनिजर सुषमा रानी शुक्ला की फर्जी दस्तावेजों के आधार पर की गई नियुक्ति को चुनौती सहित आजीविका मिशन मे 2016 से 2021 तक किए गए बिभिन्न घोटालो को विसलबिलोबर भूपेंद्र कुमार प्रजापति ने उजागर किया है जिसमे प्रमुख माइक्रो बीमा घोटाला, नियुक्तियों मे घोटाला, अगरबत्तीय मशीनो की खरीद मे घोटाला, स्कूल ड्रेसो मे घोटाला सहित कई प्रकार से हजारों करोड़ का घोटाला ललित मोहन बेलबाल, सुषमा रानी शुक्ला सहित, एक आईएएस प्रयंका दास सहित कई अधिकारी तथा कर्मचारियों इस घोटाले मे शामिल है ! उक्त आलाधिकारियो द्वारा राष्ट्रीय आजीविका मिशन का प्रमुख उद्देश्य गरीबी हटाना है तथा ग्रामीण स्तर पर स्वसहायता समूहों के माध्यम से रोजगार प्रदान करना है इस हेतु भारतीय रिजर्व बैंक तथा विश्व बैंक आर्थिक मदद करती है! मध्य प्रदेश मे लगभग 46 हजार से अधिक स्व सहायता समूह कार्यरत है जिसमे लगभग 3.45 लाख महिलाए शामिल है! उक्त सभी आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित होते नियमनुसार आजीविका मिशन का प्रदेश हेड सीनियर आईएएस को नियुक्त किए जाने का प्रावधान है लेकिन मध्य प्रदेश सरकार द्वारा नियम विरुद्ध रिटायर्ड आईएफएस ललित मोहन बेलबाल को नियुक्त किया गया है इन सभी मुद्दों को लेकर हाईकोर्ट मे भूपेंद्र कुमार प्रजापति ने अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर एवं विनायक शाह के माध्यम से याचिका दाखिल की गई है !

उक्त याचिका की आज दिनांक 09/02/23 को जस्टिस शील नागु तथा जस्तीस वीरेंदर सिंह की खंडपीठ द्वारा सुनवाई की गई ! सुनवाई के दौरान कोर्ट को सीनियर आईएएस दिव्या मराव्या द्वारा की गई जाँच रिपोर्ट से अवगत कराया गया ! हाईकोर्ट द्वारा उक्त रिपोर्ट को बेहद गंभीरता से लिया जाकर आदेशित किया की जाँच रिपोर्ट को याचिका का अहम भाग बनाने हेतु एक संशोधन आवेदन दाखिल किया जाए ! तथा हाईकोर्ट ने शासन को निर्देशित किया है की उक्त जाँच रिपोर्ट पर क्या शासन द्वारा दोषियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है जबाब दाखिल करे !

# जिला अजाक्स सागर ने माननीय मुख्यमंत्री जी को 26 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया

**कैलाश कुमार❑ सागर**

संत रविदास महाकुंभ में आये म.प्र. के मुख्यमंत्री माननीय शिवराज सिंह चौहान जी को एम.आर.सी. हेलिपेड पर जिला अजाक्स संघ सागर ने 26 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया और मांगों पर विचार कर जल्द से जल्द पूर्ण करने का निवेदन किया। माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने जल्दी ही विचार कर निराकरण करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन में मांग की गई कि मुख्यमंत्री माननीय शिवराज सिंह चौहान जी मध्यप्रदेश स्पेशल कौसिल एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता श्री मनोज गोरकेला द्वारा बनाये गये नवीन पदोन्नति नियम को शीघ्र लागू किया जाए। शासन के अधीनस्थ विभिन्न विभागों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों के रिक्त बैकलॉक के पदों की पूर्ति की जावे। अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति समय पर दी जावे ताकि पठन पाठन में असुविधा न हो। मध्यप्रदेश के लोकसेवकों के हितों के लिए पुरानी पेंशन व्यवस्था शीघ्र लागू की जावे। आरक्षण अनुसार पी.एस.सी. पास अतिथि विद्वानों को नियमितीकरण किया जावे। अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के कलयाण हेतु विशेष घटक योजनाओं में प्रावधानित बजट की शत प्रतिशत राशि का हितग्राही मूलक मद में ही व्यय किया जावे। चिकित्सा शिक्षा विभाग में चिकित्सा महाविद्यालयों का स्वशासीकरण कर विषयवार एवं कालेजवार एकल पोस्ट समाप्त कर दिये गये है। इसलिए इनमें रोस्टर प्रणाली राज्य स्तर पर बनायी जाकर भर्ती की जावे चूकि इन पदों का वेतन भुगतान राज्य शासन द्वारा किया जाता है। चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पद नियमित पदस्थापना भरे जाने के संबंध में। लोक स्वा. एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संवैधानिक अनुच्छेद 16 (4) (क एवं ख) की निर्धारित म.प्र. लोक सेवा (अनुसूचित



जातियां/जनजातियों एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण) अधिनियम 1994 का उलंघन कर की गई उन नियुक्तियों को शून्यकरणीय घोषित कर बनाये गये नियम को निरस्त किया जावे अथवा इनमें संशोधन कर आरक्षण अधिनियम 1994 में निर्धारित प्रतिशत को लागू किया जावे ताकि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के पद आरक्षित हो सकें। वित्त विभाग द्वारा प्रकाशित मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) क्र. 569 भोपाल दिनांक 6 अक्टूबर 2018 एवं इसके आधार पर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा प्रकाशित म.प्र. राजपत्र असधारण क्रमांक 440 भोपाल दिनांक 2 अगस्त 22 में मध्यप्रदेश लोक सेवा अधिनियम 1994 तथा संशोधित अधिनियम 1994 अनुसार संशोधित करने के परिणामस्वरूप चयन कर की गई समस्त भर्तियों को शून्यकरणीय घोषित कर बनाये गये नियम को निरस्त किया जावे अन्यथा इसमें संशोधन का आरक्षण अधिनियम 1994 में निर्धारित प्रतिशत को लागू किया जावे ताकि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के पद आरक्षित हो सके। अनुसूचित जाति-जनजाति विशेष बैकलॉग भर्ती अभियान के तहत म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित उच्च शिक्षा विभाग के महाविद्यालयों में वर्ष 2004 से 2006 के मध्य नियुक्त 528 बैकलॉग ससहायक प्राध्यापकों की परीवीक्षा अवधि समाप्त कर नियुक्ति दिनांक से 2 वर्ष



अवधि समाप्त कर वेतनमान एवं समस्त लाभ दिया जावे जिस प्रकार पूर्व भी अनारक्षित वर्ग के प्राध्यापकों के प्रकरण में किया गया है भेदभाव की नति समात की जावे।निजी क्षेत्र में आरक्षण लागू किया जावे।जिन उद्योगों को शासन द्वारा सबसिडी दी जा रही है उनमें आरक्षण अधिनियम 1994 को लागू किया जावे। भूमि सुधार अधिनियम लागू करते हुए जनसंख्या के आधार पर भूमि का आवंटन किया जाकर भागीदारी दी जावे। सिविल जजों की भर्ती में 40 प्रतिशत का मौखिक इंटरव्यू रखकर इंटरव्यू रखकर इंटरव्यू के पास होना अनिवार्य कर दिया गया है जिसके कारण इंटरव्यू में भेदभाव एवं भाई भतीजावादहो रहा है। अतः सिविल जजों की भर्ती में इंटरव्यू प्रथा को समाप्त कर लिखित परीक्षा को ही मान्य किया जावे। जिला न्यायालयों में शासकीय अधिवक्ताओं एवं नोटरी की नियुक्तियों में आरक्षण लागू किया जाकर भागीदारी दी जावे। दिनांक 01.07.2018 को अध्यापक संवर्ग में नवीन शैक्षणिक संवर्ग में नियुक्त कर्मचारियों की सेवा अवधि की गणना में वरिष्ठता दिनांक से मान्य की जावे। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में मुख्य अभियंता की नियमित पदस्थापना के विरूद्ध कनिष्ठ कार्यपालन यंत्री की पदस्थापना को निरस्त कर नियमित मुख्य अभियंता की पदस्थापना की जाए एवं भेदभाव की अनियमित आदेश करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जावे।



## विदिशा में लोकार्पण, शिलान्यास एवं हितलाभ का वितरण

**देवेंद्र धाकड़ की खास रिपोर्ट**

विदिशा। कलेक्टर श्री उमाशंकर भार्गव ने बताया कि विदिशा विधानसभा क्षेत्र में विकास यात्रा आज दस फरवरी को जिन ग्रामों में कार्यक्रम स्थलों पर विकास कार्या का लोकार्पण व भूमिपूजन, हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण, किया जाएगा उनमें तदानुसार प्रातः 11 बजे ग्राम अम्बार, दोपहर 12 बजे रामगढ़, दोपहर एक बजे दीघौरा, दोपहर दो बजे अटारीखेजड़ा, सायं चार बजे सुआखेडी, सायं पांच बजे बिलराई और सायं छह बजे ग्राम मढीपुर शामिल है।






## जीपीएफ विसंगतियों संबंधी समीक्षा बैठक सम्पन्न




शहडोल/ कैलाश कुमार

शहडोल। जीपीएफ विसंगतियों के निराकरण के लिए नवम्बर 2022 को प्रधान महालेखाकार ग्वालियर के विशेष दल द्वारा शहडोल में संभाग स्तरीय जीपीएफ अदालत आयोजित कर दिनांक 16 नवंबर 2022 को जिला उमरिया एवं अनूपपुर तथा 17 नवंबर 2022 को जिला शहडोल के लगभग 700 प्रकरण पंजीबद्ध कर निराकरण की कार्यवाही की गई। जीपीएफ से संबंधित समीक्षा बैठक आज कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में प्रधान महालेखाकार की 5 सदस्य टीम एवं संयुक्?त आयुक्?त शहडोल संभाग श्री मगन सिंह कनेश, अपर संचालक वित्त एवं शहडोल संभाग श्री आर.के. प्रजापति, तथा वरिष्ठ कोषालय अधिकारी शहडोल श्री आर.एम. सिंह, जिला कोषालय अधिकारी अनूपपुर श्री बी.एल. प्रजापति, जिला कोषालय अधिकारी उमरिया श्री तोकानंद टेकाम, जिला पेंशन अधिकारी श्री सुहैल सिद्दीकी सहित सहायक कोषालय अधिकारी श्री मनोज सिंह एवं लिपिक श्री अमित श्रीवास्?तव उपस्थित रहे। जीपीएफ समीक्षा बैठक में जिला शहडोल अंतर्गत समस्?त कार्यालयों के जी?पीएफ विसंगति के प्रकरणों में गलत तक्ष्क्ष खाता नंबर- 1678, ऋणात्?मक शेष- 04, अभुगतान प्राधिकार पत्र- 66, गलत जन्?मतिथि ङ्क 04, बिना इम्?प्?लाई कोड- 71, गलत मोबाइल नंबर- 1388 गुमसुदा कटौत्रा- 5259, इस प्रकार जिला उमरिया में कुल 3135 एवं जिला अनूपपुर में 1818 प्रकरणों की समीक्षा की गई एवं जिला कोषालय अधिकारी शहडोल, उमरिया एवं अनूपपुर को अधीनस्?थ समस्?त आहरण संवितरण अधिकारियों से निराकरण कराने हेतु निर्देशित किया गया। संयुक्?त आयुक्?त शहडोल संभाग श्री मगन सिंह कनेश ने बताया कि उक्?त प्रकृति के प्रकरणों के निराकरण होने से सेवानिवृत्ति उपरांत पेंशनरी स्?वत्?वों हेतु होने वाली समस्?याओ से निजात मिल सकेगी।

## ब्यौहारी के नगर परिषद खांड में निकाली गई विकास यात्रा, विधायक ने किया निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

**शहडोल-कैलाश कुमार/ ब्यौहारी विधायक**



शहडोल। विधानसभा क्षेत्र ब्यौहारी के नगर परिषद खांड में विधायक श्री शरद कोल ने आज विकास यात्रा के पाँचवे दिन विकास यात्रा का शुभारंभ कन्यापूजन के साथ किया। विकास यात्रा में विधायक ने लोंगो की समस्याए सुनी निराकरण के निर्देश यथासंभव दिये। उन्होंने लोगों को पेसा एक्ट के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में पेसा एक्ट के तहत जनजाति वर्ग के लोगों को अधिसूचित क्षेत्रों में जल, जंगल, जमीन का अधिकार दिया गया है। विधायक श्री कोल ने आयुष्मान कार्ड योजना, लाडली बहना योजना सहित अन्य मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही विधायक श्री शरद कोल ने निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ समत्व भवन में हुई बैठक

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि निगम मंडल के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष प्रदेश में चल रही विकास यात्रा से जुड़ कर हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलवाने और उन्हें जागरूक बनाने के प्रयासों में सहभागिता करें। प्रदेश में लाड़ली बहना योजना से समाज में महिलाओं के बड़े वर्ग को आर्थिक सहयोग की पहल की गई है। विभिन्न वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। पूर्व में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, सहरिया और भारिया के लोगों को प्रतिमाह सहायता देने की शुरूआत की गई है। विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति और बेटियों को उच्च शिक्षा में सहयोग भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में निगम मण्डल के अध्यक्ष और उपाध्यक्षों के साथ बैठक में उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में विकास और हितग्राहीमूलक योजनाओं के क्रियान्वयन में जनप्रतिनिधियों का सहयोग मिल रहा है।

## विकास यात्रा में विधायक एवं कलेक्टर ने किया लोगो को जागरूक

**शहडोल / कैलाश कुमार**

शहडोल। ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुंआ में विकास यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। विकास यात्रा में विधायक श्री शरद कोल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गरीबो के जीवन में आनंद और सकारात्मक बदलाव लाने की यात्रा, विकास यात्रा है। शासन द्वारा गरीबों के जीवन में बदलाव लाने के लिए हर संभव प्रयास जारी है। ज़िले में विकास यात्रा जारी है। विकास यात्रा का उद्देश्य है जन-जन से संवाद और उन्हें विकास तथा जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना है। विकास यात्रा को कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य ने संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीणों को पेसा एक्ट की जानकारी देते हुए कहा कि गांव के जल, जंगल एवं जमीन पर सभी ग्रामीणों का अधिकार है। उन्होंने पेसा एक्ट के कानून एवं नियम के संबंध में ग्रामीणों को समझाइश दी तथा विधायक ने ग्रामीणों को दगना जैसी कुप्रथा रोकने के लिए समन्वित प्रयास करने की समझाइश दी। कार्यक्रम में कलेक्टर

**ग्राम पंचायत कुंआ में आयोजित हुआ विकास यात्रा कार्यक्रम**




श्रीमती वंदना वैद्य ने कहा कि विकास यात्रा लोगों की जिंदगी सवारने का अभियान है। इस अभियान में सभी लोग अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें तथा पात्र हितग्राही विभिन्न योजनाओं का लाभ लें। उन्होंने कहा कि विकास यात्रा में लोकार्पण, शिलान्यास और हितलाभ का वितरण भी किया जा रहा है। इसी के साथ शासन की योजनाओं से छूटे हुए व्यक्तियों के नाम जोड़ कर उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर पात्र हितग्राही किसी भी योजना का लाभ लेने से वंचित रह गए हैं, वो इस विकास यात्रा में आवेदन देकर अपना नाम अवश्य जुड़वाएं तथा योजनाओं का लाभ लें। कलेक्?टर ने सामाजिक कुप्रथा दागने, नशा मुक्ति के लिये सभी से मिलजुल कर सहभागिता निभाने का संकल्?प दिलाते हुए शपथ दिलवाई।

**आवश्यकता**

युवा प्रदेश नेटवर्क

*मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।*

**युवा प्रदेश नेटवर्क,**
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204



# हमारी संस्कृति से उपजा है हमारा संविधान- कमिश्नर

**कैलाश कुमार/ शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री राजीव शर्मा ने कहा कि है कि हमारा संविधान हमारी संस्कृति से उपजा है, भारतीय संस्कृति से उत्पन्न हुआ है। उन्होंने कहा कि मैने संविधान की मूल प्रत्यासा देखी है, जिन महान चित्रकारों ने संविधान की सुंदर पुस?तक का चित्र बनाया है वो राम बाल?मीक, कबीर, तुलसी, साम्राट अशोक के आदर्शों को नही भूले। भारतीय संस?कृति का जो मूल आधार है वह सबके सब हमारे संविधान की नींव में है। उन?होंने कहा है कि 15 अगस?त को आजादी जरूर मिली किन?तु हम 25 जनवरी 1950 तक स?वंतत्र नही थें, ब्रिटेन का बैठाया आ?दमी हमारा वायसराय था। 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ तक जाकर स?वराज प्रारंभ हुआ। कमिश?नर ने कहा कि अच?छे संविधान के कारण आज हम दुनिया की 5वीं बड़ी शक्ति है। उन?होंने कहा कि भारतीय संविधान ने सभी को सामान अधिकार दिये है, सभी को मताधिकार प्राप?त है और अभिव?यक्ति की स?वतंत्रता है। हमारा संविधान हमारे आदर्शों से पैदा है हमारी संस?कृति से उपजा हुआ है।

उन?होंने कहा कि भारतीय संविधान 1949 में और 1950 में लागू हुआ किन?तु इसके बहुत पहले हमारे ऋषि मुनियों ने अपने तरीके से जीवन पद्धति बनाया था। कमिश?नर ने कहा कि भारत का संविधान केवल अधिकारियों, राजनेताओं के लिये नही है। भारत का संविधान सभी के लिये है जिसकों सामान अधिकार दिये गये है और जिसमें गलत को गलत कहने का अधिकार भी दिया गया है। कमिश?नर ने कहा है कि संविधान जिस देश में किताब में सो जाता है वहां जनतादार बन जाती है, हमें संविधान के प्रति जागरूक रहने की आवश?यकता है, अपने अधिकारों के प्रति भी जागरूक रहने की आवश?यकता है। कमिश?नर शहडोल संभाग श्री राजीव शर्मा ने आज सेंट्रल एकेडमी स?कूल मऊ में आयोजित संविधान जागरूकता कार्यक्रम को सम?बोधित कर रहे थें। उन?होंने कहा कि हमारे लिये यह आवश?यक है कि सेवाओं में आने से पहले संविधान के बरीकियों को समझना चाहिए। उन?होंने विद्यार्थियों को समझाइश देते हुए कहा कि वह संविधान के संबंध में जानकारी रखें, प्रशासनिक सेवा परीक्षा के लिये जो विद्यार्थी तैयारी कर रहें है उनके सिलेबस में है। कार्यक्रम को संम?बोधित करते हुए एडीजी श्री दिनेश चंद्र सागर ने कहा कि विद्यार्थियों को अनुशासित होकर शिक्षा ग्रहण करना चाहिए, दुर्व?यसनों से दूर रहना चाहिए। उन?होंने कहा कि संविधान की मूल अवधारणा को छात्र-छात्राओं एवं युवाओं तक पहुंचाना अच?छी पहल है स?कूल द्वारा अच?छे विषय पर संगोष?ठी आयोजित की गई है। उन?होंने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं संविधान को पढे तथा संविधान की अवधारणा में उन?हें क?या अधिकार दिये गये है और उनके क?या दायित?व और कर्तव?य है इस पर मनन करें और देश और प्रदेश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। संगोष?ठी को श्री संतोष उपाध?याय, श्री रवि मिश्रा, विमल यादव सहित अन?य व?यक?ताओं ने भी सम?बोधित किया। इस अवसर बड़ी संख?या में स?कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।



# भव्य कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का हुआ शुभरम्भ



शहडोल। खैरहा गांव के समीप कंदोहा में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ हो गया। कंदोहा गांव के शिवमंदिर प्रांगण में 7 फरवरी से 14 तक संगीतमय भागवत का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में श्रीधाम वृंदावन से आये कथा व्यास अंकिताचार्य जी महाराज भागवत प्रेमियों का कथा का रसास्वादन कराएंगे। वही कथा के मुख्य यजमान श्रीमती रामबाई-सेतराम कोरी एवं श्रीमती इंद्रावती-रामखेलावन कोरी ने बताया कि कथा का विश्राम 14 फरवरी को गीतापाठ एवं विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा। कलश यात्रा का शुभारंभ यज्ञ शाला कंदोहा से प्रारंभ किया गया, जो बसन्तपुर, खैरहा बस स्टैंड, दूर्गा मंदिर होते हुए गोहिटा संगम घाट तक पहुंचा, जहां बूढ़ी माता मंदिर से दर्शन कर यात्रा हनुमान मंदिर, हनुमान बाग हड़दौल लाल महाराज स्थल से होकर कथा स्थल में यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# विदिशा विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में पहुंची विकास यात्रा, हितग्राहियों को किया गया हितलाभ का वितरण

## विकास यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के 254 आवेदन स्वीकृत

**विदिशा।** विकास यात्रा कार्यक्रम अंतर्गत आज विदिशा विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में विकास यात्रा रथ का भ्रमण हुआ है। विकास यात्रा में जनप्रतिनिधियों के अलावा अधिकारियों के द्वारा ग्रामीण जनों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदाय की है। विदिशा विधानसभा के निर्धारित रूट चार्ट अनुसार पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्री मुकेश टंडन समेत अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के द्वारा ग्राम वन जागीर, सौजना, सुमेरबर्री, हथियाखेड़ा, मढ़ी चौबीसा, मेहेन्देर, सिमरहार, नादोर और चक पाटनी में पहुंचकर ग्रामीणजनों को योजनाओं की जानकारी ही नहीं दी बल्कि उन्हें मौके पर हितलाभ का वितरण भी किया गया है। विदिशा विधानसभा की ग्राम पंचायत वन जागीर में शासन की विभिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान भारत निरामयम् योजना, नक्शा शुद्धिकरण पखवाड़े के तहत कार्यवाही, निर्माण श्रमिकों का पंजीयन भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, नामांतरण प्रकरणों का निराकरण, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, समग्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, बंटवारा प्रकरणों का निराकरण, जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाना, लाडली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत स्वीकृति जारी करना तथा किसान क्रेडिट कार्ड (कमर्शियल बैंकों के माध्यम से) के कुल 256 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें से 254 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। विकास यात्राओं के निर्धारित रूट चार्ट अनुसार विदिशा जिले की विदिशा, बासौदा, कुरवाई, सिरोंज और शमशाबाद विधानसभा में आज विकास यात्रा का आयोजन हुआ उपरोक्त विकास यात्रा अपने निर्धारित रूट चार्ट अनुसार विभिन्न ग्रामों में पहुंची विकास यात्रा में उपस्थित जनप्रतिनिधियों के अलावा अधिकारी कर्मचारियों ने भ्रमण किया। बासौदा विधायक श्रीमती लीना जैन के द्वारा ग्राम कंजना, ग्राम हतोड़ा, ग्राम मढिया पोनिया में हितग्राहियों को हितलाभ पत्रों का वितरण किया। साथ ही शासन द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीण जनों को दी। विकास यात्रा कार्यक्रम के दौरान बासौदा विधायक श्रीमती लीना जैन के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित हितग्राही को गृह प्रवेश कराया और उन्हें शुभकामनाएं दी। उनके द्वारा शासकीय स्कूल कंजना का औचक निरीक्षण भी किया। विकास यात्रा में ग्राम रजोदा में तीन करोड़ छह लाख की लागत से बनने वाले इंडोर हाल एवं आउटडोर स्टेडियम का भूमि पूजन किया गया।



# सक्षम लोगों के साथ व्यवस्था सुधारने के लिए पर्याप्त 90 से 180 दिन

**युवा प्रदेश से कैलाश कुमार**

चुनावी साल के मद्देनजर मध्य प्रदेश में जारी सियासी दंगल के बीच, तीसरे दल की बात जोर पकड़ रही है। इस बार बीजेपी-कांग्रेस जैसे दिग्गज और प्रमुख दलों के साथ, अन्य दलों ने भी हुंकार भरना शुरू कर दी है, और अपने-अपने मुद्दों से मतदाताओं को रिझाने के प्रयास में जुट गए हैं। इस कड़ी में पूर्व आईएएस अधिकारी डॉ वरदमूर्ति मिश्र की वास्तविक भारत पार्टी सबसे आगे चल रही है। इसकी ख़ास वजह, पार्टी का विजन और मिशन है, जो सीधे तौर पर प्रदेश के युवाओं, सामाजिक चेहरों, महिलाओं और जिम्मेदार नागरिकों के साथ व्यवस्था परिवर्तन का संकल्प मजबूत कर रही है। पार्टी ने मौजूदा सरकार की दुखती रगों और कमजोर पहलुओं को जनता के समक्ष प्रमुखता से उठाना शुरू कर दिया है। साथ ही पार्टी की मनसा प्रदेश के शिक्षित और जागरूक लोगों के साथ एक ऐसे तंत्र की स्थापना करने की है, जो जमीनी स्तर पर लोगों की समस्याएं, सुनने, समझने व उचित निराकरण निकालने में सक्षम हों। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ वरदमूर्ति मिश्र के मुताबिक, समाज में आज भी 100 फीसदी में से 70-80 फीसदी लोग बेहतर हैं लेकिन तंत्र में उनकी कोई आवाज़ नहीं है। उनका मानना है कि वह प्रदेश की जनता को राजा की प्रजा नहीं, प्रदेश का नागरिक बनाना चाहते हैं, क्योंकि प्रजातंत्र में सबसे बड़ा पद नागरिक होना ही है। मध्य प्रदेश में तीसरे विकल्प को लेकर उन्होंने कहा, ÷यह चुनाव कोई राजनीतिक दल नहीं, बल्कि जनता खुद ही लड़ेगी, क्योंकि हर वर्ग की प्रतिक्रिया लेने के बाद मुझे लगा की अब जन मानस ने, दो दलों से ऊपर उठकर प्रदेश में तीसरे दल के विकल्प की तलाश शुरू कर दी है। इसे ध्यान में रखते हुए, हमने समाज के हर वर्ग से ऐसे लोगों का चुनाव किया है जो प्रदेश को वास्तविकता की राह पर आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और तंत्र में आमूलचूल परिवर्तन लाने के लिए संकल्पित हैं। वास्तविक भारत पार्टी गतवर्ष अपनी शुरुआत से ही मुद्दों को लेकर पारदर्शिता के साथ काम कर रही है। पार्टी नेतृत्व, तंत्र में सुधार के मुद्दे पर जन साधारण को साथ आने के लिए प्रेरित कर रहा है। चूंकि तंत्र में सरकारी और राजनेता, दोनों शामिल रहते हैं इसलिए सुधार लाने में मानसिक रूप से सक्षम लोगों को आगे लाकर ही बड़े बदलावों को अंजाम दिया जा सकता है। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि यदि जनता एक ऐसी सरकार चुनती है जो हर मायने में प्रदेश में फैले कुप्रबंधन और अव्यवस्था को सुधारने में सक्षम हों, तो तंत्र की खामियों को दूर करने में मुश्किल से 90 से 180 दिन पर्याप्त होंगे। डॉ वरदमूर्ति मिश्र के अनुसार, पार्टी की सबसे पहली प्राथिमिकता शिक्षा है, क्योंकि हर तबके के व्यक्ति को मौके की तलाश है और शिक्षा के बिना, समाज को बेहतर बनाना असंभव है। जबकि दूसरी बड़ी प्राथमिकता स्वास्थ्य सेवाएं हैं, क्योंकि आज भी ग्रामीण क्षेत्रों के 35 प्रतिशत बच्चे कुपोषित हैं, वहीं तीसरी और सबसे अहम प्राथिमिकता न्याय व्यवस्था है। डॉ मिश्र के अनुसार, प्रजातंत्र में सबसे पहली प्राथिमिकता हमेशा न्याय की होनी चाहिए।



**सचिव एवं रोजगार सहायक के करतूतों की खोली पोल**

# महिला सरपंच एक्शन मूड में, बड़े भ्रष्टाचार का किया खुलासा

**कोतमा।** भ्रष्टाचार के आकाओं को निलंबित किये जाने महिला सरपंच ने जनपद एवं जिला पंचायत सीईओ सहित नवागत कलेक्टर को भी ज्ञापन सौंपा है,खबर अनूपपुर जिले के जनपद पंचायत कोतमा के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुल्लीडाड में हुये भ्रष्टाचार कारनामो का पोल खोलने वर्तमान गुल्लीडाड की महिला सरपंच ने उक्त ज्ञापन पत्र में उल्लेख किया है कि ग्राम पंचायत गुल्लीडाड सचिव बद्री प्नसाद साहू एवं रोजगार सहायक चंद्रिका प्नसाद साहू के द्वारा ग्राम में शासन की योजना स्वीकृत अमृत सरोवर तालाब वर्ष 2022 के नाम पर बड़ी सेंध लगाने का कार्य दोनो को द्वारा मिलकर किया गया है जिसकी कुल लागत 14 लाख 50 हजार थी जिसमें मजदूरी एवं मटेरियल दोनों का अलग अलग भुगतान होना था?जिसमें महिला सरपंच ज्ञानवती ने ज्ञापन के माध्यम से उक्त मामले को प्नकाश में लाते हुये यह उल्लेख किया है कि पदभार ग्रहण करने उपरांत पता चला की बिना निर्माण किये ही सचिव एवं रोजगार सहायक दोनों के द्वारा 3 लाख 97 हजार राशि का आहरण कर लिया गया है जिसमें पूछे जाने पर दोनो के द्वारा सरपंच को धमकी देते हुये कहा कि हमने राशि नही निकाली है?

साथ ही ज्ञापन पत्र में रोजगार सहायक चंद्रिका साहू द्वारा परिवार जनो के नाम मनरेगा कार्य का फर्जी हाजिरी भर लाभ पहुँचाये जाने की शिकायत एवं बद्री प्नसाद साहू के द्वारा हाल में हुये चुनाव मे लगे आचार संहिता के दौरान शासन द्वारा स्वीकृत निर्मल भारत अभियान के तहत सामुदायिक शौचालय के नाम पर 58 हजार की अग्रिम राशि निकाल लेना और जिसका निर्माण भी अब तलक शुरु नहीं किया गया है? आपको बता दें कि ग्राम पंचायत गुल्लीडाड अंतर्गत यह कोई नया मामला नहीं इससे पूर्व भी यहाँ सचिव एवं रोजगार सहायक के द्वारा किये गये भ्रष्टाचार के कारनामो की खबरे सामने आते रहें हैं जिसमें यहाँ के एक नाला में स्टाप डेम बनते ही बह जाने की खबर भी सामने आ चुकी है, जिसकी शिकायते भी जनपद सीईओ से लेकर जिला पंचायत सीईओ एवं कलेक्टर और जन शिकायत निवारण 181 में हुई हैं परन्तु आज दिनांक तलक किसी प्नकार की कार्यवाही शासन द्वारा ना किये जाने से ऐसे सचिवो और रोजगार सहायको के हौसले उड़ान भर रहे? एक बार जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत गुल्लीडाड के साथ साथ ग्राम पंचायत कोठी,मझौली,भाटाडाड,साजाटोला,निमहा,बहेराबांध,खमरौध में भी शासन से स्वीकृत तमाम योजनाओं को यहाँ खंगालने की जरूरत है अन्यथा इस क्षेत्र में हुये या आगे होने वाला निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार अपने चरम सीमा के पार होता चला जायेगा और जिम्मेदार बेझिझक दबंग हो ऐसे कारनामो को अंजाम दे मालामाल होते रहेंगे? ज्ञातव्य हो कि यह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है जिसका जिम्मेदार जमकर फामदा उठाने का कार्य करते हैं सूत्र अनुसार ग्राम पंचायत सचिव से लेकर जनपद सीईओ,जनपद इंजीनियर,लेखापाल,रोजगार सहायक,एपीओ यहाँ तक जिला पंचायत सीईओ, लेखापाल,ईओ के मिलीभगत से ऊपर तक गांधीजी की चमक पहुँचती है जिससे भ्रष्टाचारी आकाओ को आँच तक नहीं आती? अब इस बात में कितनी हद तक सच्चाई है नवागत कलेक्टर की निष्ठापूर्वक समीक्षा किये जाने पर ही पता लग पायेगा? लेकिन क्या ऐसा कभी सम्भव हो सकता है?



## संपादकीय

# जोखिम की दवा

अमेरिका में 'सेंटर फार डिजीज कंट्रोल ऐंड प्रिवेंशन' यानी सीडीसी के मुताबिक इस दवा की वजह से संक्रमण के प्रकोप में बारह राज्यों के कम से कम पचपन लोग बीमार हो गए। कुछ ही अंतराल पर ऐसी खबरें कई स्तर पर चिंता पैदा करती हैं। किसी दवा की वजह से सामने आए दुष्परिणाम की अगर इक्का-दुक्का ऐसी घटनाएं होती हैं, तो उसे प्रभावित व्यक्ति में एलर्जी मान कर इलाज किया जाता है। लेकिन अगर इतनी बड़ी संख्या में लोगों को एक ही तरह की प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ रहा है, तो निश्चित रूप से यह दवा में मौजूद किसी तत्त्व का दुष्परिणाम हो सकता है, जिसकी जांच-परख किए बिना उसे बेचने और इस्तेमाल करने की इजाजत दे दी गई। फिलहाल इस दवा को खरीदने और उपयोग न करने की सलाह दी गई है। संबंधित दवा कंपनी ने इसका उत्पादन रोक दिया है। मगर इससे एक बार फिर यह सवाल उठा है कि जो दवाएं किसी बीमारी या परेशानी से बचाव या उसका इलाज करने के लिए बनाई जाती हैं, वही लोगों के भीतर नया रोग पैदा करने से लेकर मौत तक की वजह कैसे बन जाती हैं! किसी भी स्थिति में दवा के दुष्परिणाम की वजह से मरीज की जिंदगी खतरे में पड़ती है या उसके रोग का इलाज ज्यादा जटिल हो जाता है तो यह विडंबना ही है। दवा बनाने वाली हर कंपनी अपनी दवाओं के असर और उनकी लाभकारी उपयोगिता के बारे में काफी बढ़-चढ़ कर दावे करती हैं। दवाओं के बारे में पेश की गई सूचनाओं में उसे हर कसौटी पर गुणवत्ता से लैस बताती हैं। लेकिन अगर उन दवाओं के इस्तेमाल से शरीर में कोई नुकसान होने के अलावा मौत तक का खतरा पैदा हो जाता है तो इसकी क्या वजह है! किसी भी दवा के निर्माण के बाद उसे खुले बाजार में भेजने से पहले उसका हर स्तर पर सुरक्षित होना सुनिश्चित किया जाता है। यह पहलू हर कंपनी अपने प्रतिनिधियों के जरिए जोर देकर बताती रहती है। फिर ऐसी दवाएं कई लोगों के लिए त्रासदी की वजह कैसे बन जाती हैं?

## आलेख

# नदियों की सेहत



मगर सच्चाई यह है कि देश की तमाम नदियों का पानी उपयोग लायक नहीं रह गया है। यही नदियां गंगा और यमुना आदि मुख्य नदियों में जाकर मिलती हैं और उनका प्रदूषण और बढ़ा देती हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि देश की दो सौ उनासी नदियां तीन सौ ग्यारह जगहों पर पहुंच कर प्रदूषित हो जाती हैं। यह रपट संसद में पेश की गई। हालांकि सरकार का कहना है कि नमामि गंगे योजना और नदी संरक्षण योजना के अंतर्गत चलाई जा रही परियोजनाओं के चलते नदियों में प्रदूषण रोकने में काफी मदद मिली है। मगर हकीकत क्या है, यह देश की किसी भी नदी को साक्षात देखने से प्रकट हो जाती है। कई जगहों पर तो केंद्र और राज्य सरकारों के बीच इन नदियों को प्रदूषण मुक्त करने को लेकर सियासी रस्साकशी तक देखी जाती है। हालांकि यह रिपोर्ट कोई पहली बार नहीं आई है और न नदियों में बढ़ते प्रदूषण स्तर के कारण ही केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से छिपे हैं, मगर इस पर काबू पाना क्यों कठिन बना हुआ है, इसका सही उत्तर शायद कोई देना नहीं चाहता। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड हर बार अपने अध्ययन में यह तथ्य पेश करता है कि विभिन्न शहरों में लगी औद्योगिक इकाइयों और आवासीय परिसरों से निकलने वाले जल-मल को बिना शोधन के नदियों में गिराए जाने की वजह से यह प्रदूषण बढ़ता है। जल शोधन संयंत्र लगाने की जरूरत सालों से रेखांकित की जाती रही है, मगर न तो राज्य सरकारों ने इसे गंभीरता से लिया और न कल-कारखानों में इसे कड़ाई से लागू किया जा सका है। अलग-अलग जगहों पर औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले गंदे पानी की प्रकृति अलग-अलग होती है। जिन जगहों पर कपड़े की रंगाई आदि का काम होता या चमड़े का प्रसंस्करण किया जाता है, उन कारखानों से निकलने वाले पानी में जहरीले तत्त्वों का स्तर बहुत ऊंचा होता है। इसी तरह स्टील की सफाई आदि के कारखानों से निकलने वाले पानी में जहरीले तत्त्व घुले-मिले होते हैं। जिन इलाकों में रासायनिक उत्पाद बनते हैं, वहां से निकलने वाले पानी को सीधे बहा देना किसी भी रूप में खतरे से खाली नहीं होता। यह बात केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अच्छी तरह जानता है, पर कभी संजीदगी से इसे रोकने का प्रयास करता नहीं देखा जाता। कभी-कभार भारी दबाव बनने पर वह कुछ कारखानों के खिलाफ औपचारिक कार्रवाइयां जरूर कर देता है। कुछ दिनों पहले ही जलवायु परिवर्तन को लेकर हुए विश्व सम्मेलन में यूनेस्को ने स्वीकार किया कि भारत के पास नदियों की बड़ी संपदा है और उनके किनारे प्राकृतिक वातावरण तैयार कर कार्बन उत्सर्जन में काफी कमी लाई जा सकती है। इसके लिए वित्तीय मदद की भी पेशकश की गई। मगर यह तभी कारगर साबित हो पाएगा, जब कारखानों और शहरी बस्तियों से निकलने वाले गंदे पानी को नदियों में सीधे गिरने से रोका जाए। औद्योगिक नियमों के मुताबिक बिना शोधन के कोई भी औद्योगिक कचरा सीदे नदियों में नहीं बहाया जा सकता, मगर खुद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इस पर गंभीरता से पालन नहीं करा पाता। जब तक इस दिशा में बिना पक्षपात के कठोर कदम नहीं उठाए जाते, तब तक नदियों की सेहत सुधारना मुश्किल ही बना रहेगा।

## फोटो में आज




सिरसा। समरस समाज की कल्पना के बिना, देश राष्ट्र की कल्पना नहीं - डॉ. राजेंद्र कड़वासरा

## हेल्थ

### स्ट्रॉबेरी फेस पैक से निखरेगी त्वचा

स्ट्रॉबेरी खाने में तो स्वादिष्ट होता ही है यह सुंदरता भी निखारता है। स्ट्रॉबेरी में उपलब्ध एंटी-ऑक्सीडेंट गुण स्वादिष्ट होन के साथ त्वचा में कसाव और दमक लाने का काम भी करते हैं। स्ट्रॉबेरी के कुछ ऐसे ही फेस पैक की सहायता से आप सेहत के साथ अपने सौन्दर्य में भी निखार सकती हैं। इस मास्क को बनाने से पहले सबसे पहले आपको चाहिए स्ट्रॉबेरी प्यूरी। इस प्यूरी में फ्रेश क्रीम (ड्राई स्किन) और दही (ऑयली स्किन) के साथ एक चम्मच शहद मिला लें। अब इस मास्क को 10 मिनट के लिए चेहरे पर लगा छोड़ दें। इसके बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धोकर साफ कर लें। यह चेहरे से मुंहासों को दूर कर स्किन पर चमक और निखार लाता है। इस फेस मास्क को बनाना बेहद आसान है। इसे बनाने के लिए आपको 3 से 4 स्ट्रॉबेरी की प्यूरी बनानी है।

## आज का राशिफल

**मेष** — बैचेनी उद्विघ्नता से बचिए, सोचे हुए कार्य बना लेंगे, रुके कार्य बनेंगे।

**वृष** — चिन्ताएं कम हो, सफलता के साधन जुटाए, अचानक लाभ के योग बनेंगे।

**मिथुन** — सफलता के साधन जुटाए, व्यावसायिक क्षमता से वृद्धि होवे, समय का ध्यान दें।

**कर्क** — व्यर्थ धन का व्यय, समय शक्ति नष्ट होवे, विघटनकारी तत्व परेशान करेंगे।

**सिंह** — भोग ऐश्वर्य से स्वास्थ्य नरम रहे, विद्यार्थी वर्ग उत्साह से बचे, ध्यान रखे।

**कन्या** — समय व धन नष्ट हो, क्लेश व अशांति होवे, कष्ट व चिन्ता बनी रहे।

**तुला** — कार्य व्यवसाय में बाधा तथा तनाव व क्लेश से बचिए तथा रोग व्याधा से बचे।

**वृश्चिक** — चिन्ता बनी रहे, कुटुम्ब की समस्याओं का समाधान अवश्य होवे।

**धनु** — बिगड़े हुए कार्य बनेंगे, आशानुकूल सफलता तथा सहयोग अवश्य ही मिलेगा।

**मकर** — स्थिति से सुधार कार्य सफलता व सहयोग, संतोष होगा, बिगड़े कार्य बनेगे।

**कुंभ** — स्वास्थ्य नरम, कही तनाव पूर्ण स्थिति, कष्ट प्रद होवे तथा कार्य संपन्न होगा।

**मीन** — दूसरो के कार्यों में समय और धन नष्ट न करें, समय का ध्यान दे।



पं राजीव शास्त्री
ग्राम पीपलखेड़ा जिला सीहोर (म.प्र.)
मोबाईल 7000706593

## स्टोरी

# यदि सुबह जल्दी उठना है



बहुत दिनों से आपके मन में चल रहा होगा कि काश मैं थोड़ा जल्दी उठ पाऊ तो मैं अपने जीवन को बदल सकता हूँ, काश मेरी नींद थोड़ी जल्दी खुल जाये तो मैं जिम जा सकता हूँ, काश मैं थोड़ा जल्दी उठ जाऊ तो मेरे काम समय पर खत्म हो जाये तो मैं भी वो चीज़े कर पाऊ जो मैं करना चाहता हूँ या चाहती हूँ। लेकिन आप ऐसा नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि आपको वाकई में इसके फायदे नहीं पता हैं आपने जरूर सुना होगा कि दुनिया के जितने भी सफलतम लोग हैं जितने भी महान लोग हैं वो सभी के सभी अपने दिन कि शुरुआत सुबह 4:00 से 5:00 बजे के बिच में कर देते हैं और क्योंकि वो जागने में पूरी दुनिया से आगे हैं इसीलिए बाकी कामों में भी वो पूरी दुनिया से आगे ही रहते हैं। जब आप लेट उठते हैं तो आप अपने जीवन में सिर्फ वो काम कर पाते हैं जो आपके जीवन के लिए अत्यंत जरुरी है जिसके बिना आपका जीवन चल ही नहीं पायेगा और इन कामों में कब सुबह से शाम हो जाती हैं आपको पता ही नहीं चलता है और आप दुसरो से सिर्फ यही कहते हुए मिलेंगे कि समय कैसे बीत रहा हैं मुझे पता ही नहीं चल रहा हैं और ऐसा इसीलिए कि आज भी आप वही काम कर रहे हैं जो पहले कर रहे थे जबकि आप उसे बदलना चाहते थे। आपके जीवन में किसी भी किसी प्रकार का कोई भी बदलाव नहीं हुआ हैं जबकि आप चाहते थे कि आपके जीवन में बदलाव हो और ऐसा इसीलिए क्योंकि आप अपने आपको सिर्फ उतना ही वक्त दे रहे हैं जितना आपका जीवन सरवाइव करने के लिए जरुरी हैं। एक व्यक्ति 8:00 बजे उठता हैं और एक व्यक्ति सुबह 5:00 बजे उठता हैं अब 5:00 बजे उठने वाला व्यक्ति पहले से ही दूसरे व्यक्ति से 3 घंटा आगे चल रहा हैं जब 8:00 बजे वाला व्यक्ति उठेगा जब तक 5:00 बजे उठने वाला व्यक्ति के दिन के सारे महत्वपुर्ण काम पहले से ही खत्म हो चुके होंगे। अब 8:00 बजे वाला व्यक्ति सिर्फ अपने जीवन को सरवाइव करने के लिए काम करेगा जबकि 5:00 बजे उठने वाला व्यक्ति अपने जीवन को बदलने के लिए काम करेगा कई बार पर्यास समय का ना होने का रोना आप भी रोये होंगे। आपने भी कई बार अपने मित्रो को कहा होगा कि मेरे पास वक्त नहीं हैं नहीं तो मैं ऐसा कर डालता लेकिन याद आप वाकई में अपने आप से पूछने बैठेंगे कि आपके पास वक्त क्यों नहीं हैं तो आपको जवाब मिल जायेगा कि आप बहुत समय से सुबह जल्दी उठना तो चाहते थे लेकिन उठ नहीं पा रहे हैं। सुबह जल्दी न उठने का एक और कारण आप अपने दोस्तों को जरूर दे रहें होंगे कि आप सोने में लेट हो जाते हैं इसलिए सुबह जल्दी नहीं उठ पाते हैं लेकिन ये बात आप बहुत अच्छे से जानते हैं कि आप वक्त

# सामाजिक न्याय यात्रा 12 फरवरी 2023 को आरक्षण के समर्थन में भीम आर्मी एव आज़ाद समाज पार्टी के तत्वाधान में

**भोपाल।** सामाजिक न्याय यात्रा 12 फरवरी 2023 को आरक्षण के समर्थन में भीम आर्मी एव आज़ाद समाज पार्टी के तत्वाधान में स्वत्रंत भारत का ऐतिहासिक आंदोलन मध्यप्रदेश के बीएच एल दशहरा मैदान में लाखों की संख्या में बहुजन समाज के लोग पूरे प्रदेश से निकल रहे है। जिसमें माननीय एड. चंद्रशेखर आजाद जी (राष्ट्रीय अध्यक्ष स्क) एवं मा. विनय रतन सिंह जी (राष्ट्रीय अध्यक्ष भीम आर्मी) के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। बता दे कि ङ्क कुछ लोग रतलाम/उज्जैन, देवास/शाजापुर से पैदल मार्च करते हुये भोपाल आ रहे है। इसमे 12 साल की खुशी बामनिया, 7 साल का बच्चा जयराज चौहान सहित 6 साल की लक्ष्मी बागरी पैदल मार्च कर रहे है। यह यात्रा 1 जनवरी 2023 से पुरे प्रदेश में 25 सूत्रीय मांगों को लेकर गाँव से राजधानी भोपाल तक निकाली जा रही है। समाजिक न्याय यात्रा 12 फरवरी 2023 की हमारी तैयारी पूरी हो चुकी है, सरकार नही चाहती है कि बहुजन समाज (एससी/एसटी/ओबीसी/अल्पसंख्यक) के लोग स्वत्रंत




भारत में तानाशाही भाजपा सरकार की जातीवादी गलत नीतियों का विरोध करें। हम मध्यप्रदेश में सभी वर्गों की जातिगत जनगणना एव ओबीसी के 27त्न आरक्षण, आदिवासियों भाईयो के पैसा एक्ट कानून एवं अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों की सुरक्षा चाहते है प्रदेश के मौजूदा हालात किसानों- छात्रों एव कमर्चारियों सहित महिलाओं के भयभीत करने वाला है अब सत्ता परिवर्तन के लिये 12 फरवरी को प्रदेशव्यापी आगाज होगा जिसमें में हमे प्रदेश के जयस एव ओबीसी महासभा सहित दलित/आदिवासी/पिछड़ा वर्ग एव अल्पसंख्यक समाज सामाजिक के बड़े संघठनो का समर्थन मिला है। लेकिन भोपाल प्रशासन को हमने 2 माह पूर्व परमिशन के आवेदन किया लेकिन प्रशासन ने सरकार के इशारों पर हमें आजतक कार्यक्रम परमिशन नही दी, बहुजन समाज के लोगों को भोपाल आने से सरकार और उनकी पुलिस रोक नही सकती यह लोकतांत्रिक देश सबका है। किसी सरकार का नही, सरकार तो बदलती रहती है 2023 में सरकार को हमारा विरोध भारी पड़ेगा।

**सुनिल अस्तेय प्रदेश अध्यक्ष**
**आज़ाद समाज पार्टी कांशीराम मप्र**

समस्त बहुजन समाज से विनम्र अपील करता हु इस आरक्षण बचाने एव संविधान हितों की रक्षा के लिये 12 फरवरी 2023 को भोपाल आये साथ ही बहुजन समाज के सामाजिक संघठनो से निवेदन है कि आप भी इस वैचारिक लड़ाई में साथ दे।

**सुनिल बैरसिया प्रदेश संयोजक (अध्यक्ष)**
**भीम आर्मी भारत एकता मिशन मप्र**

# बेटी है कुदरत का अनमोल उपहार, बेटी का करोगे नाश तो हो जाऐगा सब का विनाश- रश्मि खरे।



**अनूपपुर/बिजुरी।** भाजपा महिला मोर्चा कि जिला अध्यक्षा रश्मि खरे के निर्देशानुसार जिलेभर के विभिन्न मण्डलों में लाडली लक्ष्मी एवं मातृ शक्ती हितग्राही सम्मेलन का आयोजन भिन्न-भिन्न स्थानों में आयोजित किया गया। नगर मण्डल बिजुरी में महिला मोर्चा कि अध्यक्षा कलावती सिंह के द्वारा भी उक्त कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका परिसद बिजुरी के प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें नगरपालिका परिषद बिजुरी कि अध्यक्षा सहबिन पनिका एवं उपाध्यक्षा प्रीति सतीश शर्मा महिला मोर्चा जिला महामंत्री ज्योति सोनी जिला उपाध्यक्षा पूर्णिमा सिंह छाया सोनी, संगीता सोनी, कोषाध्यक्ष बबिता पाण्डेय सहित बिजुरी मण्डल कि उपाध्यक्षा आशा रजक, नमिता कोल, संजू मिश्रा पूर्व पार्षद नीलम जैन, संतोषी सिंह, एवं सैकड़ो कि संख्या में उपस्थित होकर महिलाओं ने आयोजित कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई।

**कार्यक्रम में भाजपा के भिन्न-भिन्न नेता भी रहे मौजूद-** महिला मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के जिला अध्यक्ष ब्रजेश गौतम, पूर्व विधायक दिलीप जायसवाल, उपाध्यक्ष गयाबोध मिश्रा, जिलामंत्री गुंजन साहू महिला मोर्चा जिला प्रभारी सुनील चौरसिया, मण्डल अध्यक्ष भूपेन्द्र महरा, पूर्व नपा उपाध्यक्ष सतीश शर्मा एवं युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष चिराग देवानी सहित विभिन्न भाजपा नेताओं ने कार्यक्रम में उपस्थिती दर्ज कराकर शासन द्वारा संचालित योजनाओं से सभी को अवगत कराते हुऐ अपना-अपना सम्बोधन सर्वसमक्ष रखे।

**प्रदेश कि योजनाऐं दूसरे राज्यों को भी करती हैं प्रभावित-** आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुऐ कार्यक्रम कि अध्यक्षा रश्मि खरे एवं पूर्णिमा सिंह ने उपस्थित लोगों कों बताया कि प्रदेश के मुखिया द्वारा सर्व हितैषी सोंच को अमल में लाते हुऐ भिन्न-भिन्न योजनाओं से जोड़कर सब को लाभ देने का कार्य किया है। वर्तमान कि शिवराज सरकार जनहितैषी होने के साथ-साथ अविरल विकाश पथ पर कार्य करने वाली सरकार है। भाजपा सरकार ने हर आयु वर्ग के लिऐ बेहतर काम किया है। और हर किसी के जीवन को संवारने कि दिशा में भिन्न-भिन्न योजनाऐं संचालित किया है। जिनका लाभ आज हर आयु वर्ग को किसी ना किसी रूप में अवश्य ही मिल रहा है। शासन ने बालिका एवं महिलाओं के लिऐ भी लाडली लक्ष्मी योजना, महिला सशक्तीकरण, स्व-सहायता समूह, जैसे विभिन्न स्वालम्बी योजनाओं से महिलाओं व बच्चों को आत्मनिर्भर बनाया है। और शिवराज सरकार कि योजनाऐं इतनी जानदार है कि मध्यप्रदेश में क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं से प्रभावित होकर अन्य राज्य कि सरकारें भी उन योजनाओं को अपने प्रदेश में लागू किऐ हैं।

**आयोजित कार्यक्रम में सम्बोधन करते हुऐ भावुक हुयी जिला अध्यक्षा-** लाडली लक्ष्मी एवं मातृ शक्ती हितग्राही सम्मेलन में शासन एवं संगठन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाऐं एवं कार्यक्रम कि जानकारी प्रदान करते-करते महिला मोर्चा कि जिला अध्यक्षा रश्मि खरे एकाएक भावुक हो उठी और उन्होने बेटी को कुदरत का अनमोल उपहार बताते हुऐ कहा कि जो कोई भी यह माने कि बेटी बोझ है, तो समझ लो कि यह उसकी गंदी सोंच हैं क्योंकि बेटी के नाश से सृष्टी का विनाश सुनिश्चित है। पूर्व के समय बेटियों एवं महिलाओं को इतनी स्वतंत्रता नही थी। जिससे वह पुरूषों के साथ बराबर का कदमताल कर अपने सपनों को पंख दे सकें। लेकिन भाजपा सरकार ने बच्चियों एवं महिलाओं को ना सिर्फ विभिन्न योजनाओं से जोड़ा बल्कि महिला सशक्तीकरण एवं स्वसहायता समूह के माध्यम से आत्मनिर्भर एवं स्वालम्बी भी बनाया है। आज प्रदेश कि बेटियां और महिलाऐं सम्पूर्ण भारत भूमि में अपनी कामयाबी का परचम लहराते हुऐ यह साबित कर रही हैं। कि ईश्वर कि यह अनमोल रचना पुरूष प्रधान देश में किसी से बिल्कुल भी कम नही हैं।

**आभार व्यक्त के साथ किया गया कार्यक्रम का समापन-** लगभग 300 से भी अधिक संख्या में उपस्थित महिलाओं के बीच आयोजित कार्यक्रम का सफल मंच संचालन पूर्णिमा सिंह द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम के अंत में महिला मोर्चा कि मण्डल महामंत्री दीपा नामदेव ने उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।





# संसद भवन और विधानसभा में गेरुआ वस्त्र पहनना संतों की पहचान नहीं : श्रीधर शर्मा

## हिंदू राष्ट्र की मांग जुमलेबाजी से कम नहीं : परमधर्म सांसद



**अमरकंटक।** अनूपपुर जिले के पावन धाम अमरकंटक में एक ओर महाशिवरात्रि के पावन पर्व की जोरदार तैयारी चल रही है तो दूसरी ओर समूचे भारतवर्ष में एक अलग ही हिन्दुत्व क्रांति देखने को मिल रही है। कभी किसी हिंदू धर्म ग्रंथ को लेकर विवादित बयान दिए जाते हैं तो कभी हिन्दू देवी देवताओं को लेकर टिप्पणी की जाती है और सनातन धर्म व संस्कृति पर प्रश्न चिन्ह लगाकर लोग स्वयं को सर्वज्ञ साबित करने में लिप्त हैं और हिंदू और हिन्दुत्व को संवारने की बजाय अपमानित करने में आनंदित महसूस कर रहे हैं। श्रीधर शर्मा ने बताया कि समूचे भारतवर्ष में हिंदुत्व का ढिंढोरा पीटने वाले राष्ट्रीय संगठन के प्रमुख के द्वारा दिया गया बयान कहीं न कहीं देश में हिंदुत्व और हिंदुओं की सामाजिक व्यवस्था पर कुठाराघात करने का प्रयास प्रतीत होता है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने देश में हिंदुत्व के लिए बेहतर कार्य किया है, इसमें कोई संदेह नहीं है लेकिन विगत दिनों संघ प्रमुख मोहन भागवत जी के द्वारा दिए गए बयान से हिंदुत्व एवं हिंदुओं को आहत किया गया है। ज्योतिष पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी ने आर एस एस प्रमुख पर सवाल उठाते हुए कहा है कि गीता में भगवान ने कहा है कि वर्ण व्यवस्था उन्होंने बनाई है लेकिन भागवत जी ने किस अनुसंधान के तहत इस प्रकार का बयान दे दिया कि वर्ण व्यवस्था पंडितों की देन है।हिंदू राष्ट्र की मांग को लेकर भी स्वामी जी ने तंज कसते हुए कहा कि हिन्दू राष्ट्र की मांग को भी यदि जुमलेबाजी कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। ज्योतिष पीठाधीश्वर अनन्त विभूषण शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी ने कहा कि जो लोग भी यह मांग उठा रहे हैं, उन्हें हिंदू राष्ट्र का खाका सामने रखना चाहिए। हिंदू राष्ट्र होगा तो राजनीतिक व्यवस्था में क्या बदलाव आने वाला है, इस पर भी बात की जानी चाहिए। इसका खाका सामने रखे बिना इस पर बात करना बेइमानी है। स्वामी करपात्री जी महाराज ने हिंदू राष्ट्र की मांग को गलत कहा था। उनका कहना था कि हिंदू राष्ट्र से कुछ नहीं होगा।कहने को तो रावण भी हिंदू था और कंस भी। एक ब्राह्मण था और एक क्षत्रिय, लेकिन उनका हिंदू राष्ट्र कभी किसी का आदर्श नहीं रहा। करपात्री जी रामराज्य की मांग करते थे। वह शासन का आदर्श हैं। जहां प्रजा सुखी है, सबके मन में एक दूसरे के प्रति प्रेम भाव है। जहां का राजा प्रजा के प्रति समर्पित है। वह प्रजा हित में कुछ भी छोड़ने को सदैव तत्पर है।

# नगर परिषद अध्यक्ष के मौजूदगी मे भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की मंड़ल कार्यकारिणी घोषित लोगों में हर्ष!




नगर के प्रथम व्यक्ति नगर परिषद के अध्यक्ष एवं क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार सुनील चौरसिया जी की अनुशंसा में अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष इफ्तेखार राजनगर के तत्वाधान में डूमर कछार(पौराधार) नगर परिषद से मंडल महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा के लिए भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता मो.महफूज आलम का चयन किया गया है और उन्हें शुभकामनाएं भी दी गई? नगर परिषद अध्यक्ष सभी के अग्रज मार्गदर्शक भाजपा नेता सुनील चौरसिया के द्वारा संगठित होकर कार्य करते हुए विकास को आगे ले जाने संबंधी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया गया, इस कार्यक्रम में जिला पिछड़ा मोर्चा के कोषाध्यक्ष अशोक वर्मा, एससी मोर्चा मंडल महामंत्री रमेश बसोर,भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता आदरणीय अरविंद सिंह परिहार ,सुनील गुप्ता,सानूशासमल, सुजीत पांडे, नगर परिषद के सभापति क्रमशः से जितेंद्र चौहान, रवि सिंह, रंजीत वर्मा एवं पार्षद पति राजेंद्र महार, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता रवि दहिया, अमित झारिया, नसरुद्दीन, मुस्ताक अहमद, कमलेश गुप्ता, वरिष्ठ कार्यकर्ता फुलशह एवं सभी कार्यकर्ता सम्मिलित हुए और सभी ने मोहम्मद महफूज आलम को अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल राजनगर जिला अनुपपुर म.प्र के महामंत्री का दायित्व प्राप्त करने हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया है?

# छत्तीसगढ़ में हमर क्लीनिक के नाम पर भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जांच हो : जनसभा



जनसभा

**छत्तीसगढ़।** छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार द्वारा राज्य में हमर क्लीनिक के नाम पर 135 करोड़ का प्रोजेक्ट तैयार किया गया, जिस योजना पर प्रसिद्ध समाचार पत्र दैनिक भास्कर में भ्रष्टाचार का खुलासा किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संघर्षशील संगठण जनसभा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण पाण्डेय् ने इस विषय पर देश के गृहमंत्री को पत्र लिखकर उच्च स्तरीय जांच कर आम जनता को आसानी से स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो इस योजना में ईमानदारी ना बरतने वाले सभी जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। जन सभा के अध्यक्ष अरुण पाण्डेय् ने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार द्वारा शहरी क्षेत्र में भिन्न - भिन्न मोहल्लों में आम जनता को आसानी से स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके इसके लिए 135 करोड़ ख़र्च करके हमर क्लीनिक प्रोजेक्ट के रूप में जनता को ठगने का काम कर रही है। जिसका खुलासा प्रसिद्ध समाचार पत्र के माध्यम से हो गया। समाचार पत्र में खुलासा किया गया हैकि कई जगह नई बिल्डिंग बनाने के नाम पर पुराने बिल्डिंग में रोगन करके बिल बनाया गया है तो कही ज़रूरत नही वहां क्लिनिक सजाकर पुनः उसे हटाया गया। उन्होंने कहा कि जनता से सीधे तौर पर जुड़े योजना में इस प्रकार जनता के 135 करोड़ ख़र्च हुए यह दिखाकर जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। उन्होंने देश के गृहमंत्री कार्यालय को पत्र लिखकर इस गंभीर विषय पर तत्काल एफआईआर दर्ज़ कर उच्चस्तरीय जांच दल गठित करके जनता के 135 करोड़ रुपयों के बंदरबांट करने वालों के नाम उज़ागर करने। साथ ही अगर इस भ्रष्टाचार में अधिकारियों, ठेकेदारों और राजनेताओं के नाम सामने आने पर उनके ऊपर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

# वार्ड नंबर 01 के रॉयल टाइटन टीम ने क्वार्टर फाइनल में फिर मारी बाजी



**अंकुश नाहर ने 6गेंद 26 रन बनाकर टीम को जीत की दिलाई**

**कैलाश कुमार - अनूपपुर**

अनूपपुर। खबर मध्यप्रदेश अनूपपुर जिले के कोयलांचल क्षेत्र के अंतिम छोर नगरपरिषद डोला से है जहाँ रामनगर चेक पोस्ट ग्राउंड में नगरपरिषद प्रिमियर लीग के चल रहे टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के 5 दिन गुरुवार को क्षेत्रीय पार्सदगण एवं नगरवासी मुख्य अतिथि के रुप मे सामिल रहे। जिसमें शैलेष प्रताप सिंह, पवन सिंह,संतोष सिंह, गोविंद प्रजापति राहुल सिंह परिहार, मोनू सिंह परिहार, उपस्थित रहे,मैच के पांचवें दिन वार्ड नं 2 से भगत सिंह टीम और वार्ड नं1 से रॉयल टाइटन टीम के बीच 12 -12 ओवरो का क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया सभी मुख्य



अतिथियों ने ग्राउंड में जा कर दोनों टीमों को प्रोत्साहन किया ,पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल टाइटनर टीम ने 12ओवर में 160 रन बनाई वही जवाबी पारी खेलते हुए भगत सिंह टीम ने 12 ओवर में 140 रन बना कर हार को परास्त हो गई। विजेता टीम में लवकुश, अंकुश, सुमित, विकास, हेतराम, बबलू, उमेश, अनिकेत, छत्रपति, संतोष, रिसिप,एवं राहुल साहु उपस्थित रहे आयोजन समिति के सदस्यों तथा टूर्नामेंट को भव्य बनाने में दर्शकों की उपस्थिति सराहनीय रही,मैच के अगले चरण में 9 फरवरी 2023 को क्वार्टर फाइनल मैच खेला जाएगा जिसमें जीत हासिल करने पर 12 फरवरी 2023 को सेमीफाइनल एवं 15 फरवरी 2023 को फाइनल मैच खेला जाएगा।

## खेलो इंडिया गेम्स में सबसे कम उम्र की वेटलिफ्टर बनी तेजस्वी

# खेलो इंडिया गेम्स में रतलाम की तेजस्वी, 2 महीने की वेटलिफ्टिंग प्रैक्टिस से पाया नौवां स्थान

**रतलाम**

मध्यप्रदेश में चल रहे खेलो इंडिया गेम्स में रतलाम की 13 वर्षीय बेटी ने भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। रतलाम की तेजस्वी प्रजापति ने 49 किलोग्राम वर्ग वेटलिफ्टिंग स्पर्धा में भाग लेकर नौवां स्थान हासिल किया है। इस स्पर्धा में असम की वेटलिफ्टर ने गोल्ड मेडल जीता है लेकिन महज 13 वर्ष की उम्र में रतलाम की तेजस्वी ने वेटलिफ्टिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रतलाम का नाम प्रदेश में रोशन किया है।




तेजस्वी का चयन खेलो इण्डिया गेम्स की रैंकिंग स्पर्धा के लिए भी हुआ है । खासबात यह है कि खेलो इंडिया गेम्स जैसी राष्ट्रीय स्पर्धा में रतलाम जैसे छोटे शहर से पहली बार किसी वेटलिफ्टर खिलाड़ी ने भाग लिया है। तेजस्वी भले ही इस स्पर्धा में कोई पदक हासिल नहीं कर सकी लेकिन राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सबसे काम उम्र की तेजस्वी ने 14 खिलाड़ियों के ग्रुप में आठवां स्थान हासिल किया है। तेजस्वी के पिता केशव प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि वह तेजस्वी को एथलेटिक्स की तैयारी के लिए नेहरू स्टेडियम लेकर जाया करते थे। जहां कुछ महीने पहले जिला खेल अधिकारी रूबीका दीवान ने तेजस्वी को वेटलिफ्टिंग की ट्रेनिंग देना शुरू किया और महज 2 महीनों में ही तेजस्वि ने खेलो इंडिया गेम्स के लिए क्वालीफाई कर लिया। तेजस्वी ने इंदौर में आयोजित हुई स्पर्धा में आठवां स्थान हासिल किया। तेजस्वी की कोच रूबीका दीवान का मानना है कि महज 13 वर्ष की उम्र में इतनी बड़ी स्पर्धा में प्रदर्शन करना ही पदक जीतने के समान है। भविष्य में तेजस्वी जरूर वेटलिफ्टिंग के खेल में रतलाम और प्रदेश का नाम रोशन करेगी।

# तीन मंजिला मकान में लगी आग, ऑटो पार्ट्स की दुकान में लगी भीषण आग





**रतलाम**

रतलाम के सैलाना रोड स्थित एक तीन मंजिला मकान में भीषण आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि देखते-देखते मकान की तीनों मंजिल आग की लपटों में समा गई। गनीमत रही कि इस भीषण आग में कोई जनहानि नहीं हुई। मकान कोमल नगर निवासी कुलदीप जगरवाल की है । जिनकी ऑटो पार्ट्स की दुकान मकान के प्रथम तल पर थी। आज पहले दुकान में इसके बाद पूरा मकान की चपेट में आ गया। दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। आग की सूचना मिलने पर नगर निगम की दमकल गाड़ियों ने मौके पर बहुत का आग पर काबू पाया है। आग लगने के कारणों के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी लेकिन पड़ोसियों के अनुसार शॉर्ट सर्किट की वजह लगना बताया जा रहा है।

भीषण आग लगने का मामला सैलाना रोड पर विधायक सभागृह के पास स्थित एक सूने मकान का है। जहां प्रथम तल पर स्थित महा शक्ति ऑटो पार्ट्स की बंद पड़ी दुकान में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। जब तक मकान की तीनों मंजिलों पर आग फैल चुकी थी। आग लगने के कारण के बारे में फिलहाल जानकारी नहीं मिल सकी है। औद्योगिक थाना पुलिस थाना पुलिस आग लगने के कारण और उस से हुए नुकसान की जानकारी जुटा रहे हैं।

# अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम के तहत कार्यवाही करने की मांग

अनुसूचित जाति जनजाति विरोधी पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री सचिन शर्मा ,कोतवाली थाना प्रभारी अरविन्द दांगी एवं प्रकाश बम्हौरी थाना प्रभारी दीपक यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम के तहत कार्यवाही करने की मांग की मध्यप्रदेश परिसंघ ने दीक्षांत समारोह छतरपुर में महामहिम राज्यपाल महोदय को ज्ञापन देने गए हुए अनुसूचित जाति जनजाति के छात्रों के साथ की गई मारपीट के खिलाफ राष्ट्रीय आयोग राष्ट्रीय अध्यक्ष, माननीय मुख्यमंत्री, माननीय मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, अध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग मध्यप्रदेश को मध्य प्रदेश परिसंघ के संयोजक आईटी विभाग इंजीनियर राहुल अहिरवार ने पत्र लिखा तथा अनुसूचित जाति जनजाति विरोधी पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री सचिन शर्मा ,कोतवाली थाना प्रभारी अरविन्द दांगी एवं प्रकाश बम्हौरी थाना प्रभारी दीपक यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम के तहत कार्यवाही करने की माँग की, संगठन को छात्रों द्वारा अवगत कराया गया कि छात्र अपने स्कॉलरशिप एवं आवास भत्ता स्टेशनरी एवं कॉलेज में सुविधाओं की कमी साफ सफाई, अनुसूचित जाति जनजाति छात्रों के प्रति कॉलेज कर्मचारियों का है, घृणा भाव व्यवहार आदि शिकायतों के संबंध मे ज्ञापन देना चाहते थे ज्ञापन के संबंध में पूर्व में छात्रों ने श्रीमान कलेक्टर महोदय छतरपुर से अनुमति ले ली थी, मध्यप्रदेश परिसंघ संयोजक आईटी विभाग इंजीनियर राहुल अहिरवार ने कहा है छात्रों की समस्या को मद्देनजर रखते हुए उनको समस्त सुविधाएं जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए एवं छात्रों के साथ जो मारपीट की गई उसके लिए दोषी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए एवं अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम के तहत कार्यवाही कराई जाए।

**इंजी. राहुल अहिरवार**
**7697959515**

# संत शिरोमणि रविदास जी की 646वीं जयंती आयोजन भव्य रुप से सम्पन

**मूलचन्द मेधोनिया भोपाल मोबाइल 8878054839**

**पिपरिया।** जिला होशंगाबाद ग्राम गड़ाघाट में दिनाँक 7/02/2023 को संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 646 वीं जयंती( पखवाड़ा) एवं माता रमा बाई अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर भव्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि धम्म विचार संगोष्ठी से श्री सी एल बौद्धजी,विशेष अतिथि ओमकार प्रसाद शास्त्री जी,श्री शिवबगश( भगत जी ),श्री राकेश चौधरी जी कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री कैलाश चौधरी जी सभी अतिथियों द्वारा महापुरुषों के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आयोजन समिति द्वारा मंचासीन अतिथियों का पुष्पहार पहना कर स्वागत किया गया एवं दोनों गायक एवं उनके साथियों का पुष्पहार से स्वागत किया गया, नरसिंहपुर जिले की शान मिशनरी लोक गायक उमेश कविराज जी एवं उनकी मण्डली (बितली,जिला नरसिंहपुर) और मिशनरी आर्केस्ट्रा गायक चन्दन सिंह तिलंथे जी( भोपाल )व उनकी मण्डली द्वारा महापुरुषों की विचारधारा पर आधारित गीत संगीत,का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सौहार्दपूर्ण वातावरण के बीच ग्राम के सभी वर्गों के लोगों की सहभागिता रही जिसमें ग्राम सरपंच पति श्री चंदन सिंह चौधरी जी,जिला पंचायत सदस्या पति श्री हीरालाल राठौरिया जी एवं सभी




अतिथियों द्वारा एवं धम्म विचार संगोष्ठी के साथी पी.डी.चौधरी जी,गणेश ठकराल जी,धर्मेंद्र आहिरवार जी,तरुण बमोरिया जी,एड.वीरेंद्र बमोरिया जी,ख्यालीराम जी,परमलाल जी,खापरखेड़ा से श्री खुशीलाल जी द्वारा वक्तव्य रखा गया।

मुख्य अतिथि सी एल बौद्धजी ने अपने वक्तव्य में गुरुवाणी ओर जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा ÷मन चंगा तो कठौती में गंगा÷अर्थात हमें अपने मन को निर्मल करना है किसी भी तरह की बुराई ,भेदभाव , पाखंड में न पड़ते हुए अपनी बुराइयों को दूर करना है। व संत, गुरुओं( तथागत बुद्ध,रैदास, कबीर,फुले,साहू, बाबा साहब,कांसीराम जी के विचारो अपनाकर) महापुरुषों के मिशन को आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम में जिला नरसिंहपुर के चीचली के वीर शहीद मनीराम जी को क्रांतिकारी राष्ट्रीय शहीद का का दर्जा दिया जाये। क्योंकि वह हमारे समाज के महान राष्ट्रीय आजादी के आन्दोलन में भाग लेकर कुर्बानी देने वाले थे। जिन्होंने हमारी रविदासी समाज के गौरव को बढ़ाया है। जिन्हें आज तक सम्मान न देना हमारी समाज की उपेक्षा है। कार्यक्रम के अंत मे आभार कैलाश चौधरी जी द्वारा दोनों भजन मंडली एवं पधारे हुए सभी अथितियों,माताओं बहनों,आयोजन समिति के सभी सदस्यों,सभी सहयोग कर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन के.के.सर द्वारा किया गया।

### बदली गई साइट स्क्रीन की पोजीशन

# राहुल द्रविड़ ने बदलवा दी नागपुर टेस्ट की पिच, घास देख खुश नहीं थे टीम इंडिया के कोच

नागपुर

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 9 फरवरी से नागपुर के जामथा में खेला जाना है। खबर आ रही है कि इस मैच के लिए विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन (VCA) ने जो पिच तैयार करवाई थी वह टीम इंडिया के कोच राहुल द्रविड़ को पसंद नहीं आई। VCA से जुड़े सूत्रों के मुताबिक द्रविड़ ने इसकी जगह पास वाली पिच को टेस्ट के लिए तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

भारतीय कोच के इस आदेश के बाद VCA को आनन-फानन में कई बदलाव करने पड़े हैं। साइट स्क्रीन की पोजीशनिंग में बदलाव करना पड़ा है। इसके अलावा मैच के LIVE टेलीकास्ट के लिए लगाए जा रहे कैमरे की जगह को भी बदला गया है। इस स्टोरी में हम जानेंगे कि यह सब क्यों हुआ है। साथ ही हम यह भी जानने की कोशिश करेंगे कि इस टेस्ट के लिए पिच का इतना महत्व क्यों है

सूत्रों ने बताया कि टेस्ट मैच के लिए VCA जो पिच तैयार करा रहा था वह स्पिन फ्रेंडली नजर नहीं आ रही थी। घरेलू परिस्थितियों में भारतीय टीम को ऐसी पिच ज्यादा रास आती है जो पहले दिन से स्पिन गेंदबाजी के लिए मददगार हो। द्रविड़ ने जब पिच का मुआयना किया तो उन्होंने पाया कि यह भारतीय टीम के लिए मुफीद नहीं होगी। इसके बाद उन्होंने पास वाली पिच को टेस्ट के लिए तैयार करने के निर्देश दिए।



साइट स्क्रीन और ब्रॉडकास्टिंग कैमरे की पोजीशनिंग पिच के हिसाब से तैयार की जाती है। पिच में बदलाव की स्थिति में इनमें भी बदलाव किए गए हैं। अगले ग्राफिक में देखिए जामथा में टीम इंडिया का अब तक का रिकॉर्ड कैसा रहा है। इसके बाद उस किस्से की बात करेंगे जब नागपुर की पिच देखकर सौरव गांगुली कैसे बीमार पड़ गए थे।

विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन इससे पहले एक बार ऐसी पिच बनवा चुका है जो टीम इंडिया की ओर से मिले निर्देश के मुताबिक नहीं थी। यह वाकया 2004 का है। उस समय भी भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ही मुकाबला होना था। भारतीय टीम बेंगलुरु में पहला टेस्ट हार चुकी थी। कप्तान सौरव गांगुली ने निर्देश दिए थे कि पिच स्पिन फ्रेंडली हो। इसके बावजूद पिच पर काफी घास छोड़ी गई थी। यानी इसे फास्ट बॉलिंग फ्रेंडली बनवाया गया था।

### 4 से 26 मार्च के बीच होगा विमेंस प्रीमियर लीग

विमेंस प्रीमियर लीग का पहला एडिशन 4 मार्च से 26 मार्च तक मुंबई में खला जाएगा। ब्रेबॉर्न स्टेडियम और DY पाटिल स्टेडियम टूर्नामेंट के सभी मैचों की मेजबानी करेगा। इसमें पहला मैच गुजरात और मुंबई की फ्रेंचाइज के बीच खेला जा सकता है। IPL प्रेजिडेंट ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। 13 फरवरी को WPL के होने वाले ऑक्शन के लिए 409 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इनमें 246 भारतीय खिलाड़ी हैं। जबकि 163 विदेशी खिलाड़ी हैं। इनमें 8 खिलाड़ी एसोसिएट देशों के हैं। वहीं 202 खिलाड़ी कैप्ड खिलाड़ी हैं। जबकि 199 अनकैप्ड खिलाड़ी शामिल हैं। BCCI के मुताबिक ऑक्शन के लिए 1525 खिलाड़ियों ने लीग के लिए रजिस्टर कराया था। मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में एक दिन का मेगा ऑक्शन होगा। पिछले दिनों खबरें आ रही थीं कि BCCI को ऑक्शन कराने के लिए होटल नहीं मिल रहे हैं। शादी का सीजन होने के कारण मुंबई और दिल्ली के ज्यादातर होटल बुक हो चुके थे।

# PM मोदी को गिफ्ट में मिली मेसी की जर्सी, कंपनी YPF के अध्यक्ष ने तोहफे में दी



बेंगलूरु

प्रधानमंत्री मोदी को सोमवार को एक खास तोहफा मिला। अर्जेंटीना की पेट्रोलियम कंपनी के अध्यक्ष पाब्लो गोंजालेज ने सोमवार को इंडिया एनर्जी वीक के मौके पर पीएम मोदी को मेसी टी-शर्ट भेंट की।

फीफा वर्ल्ड कप फाइनल के बाद PM मोदी ने लियोनल मेसी और अर्जेंटीना टीम को जीत बधाई दी थी। उन्होंने लिखा था - फीफा फाइनल 2022 को सबसे रोमांचक फुटबॉल मैचों में से एक के रूप में याद किया जाएगा। वर्ल्ड कप चैंपियंस बनने पर अर्जेंटीना को बधाई! उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। शानदार जीत पर अर्जेंटीना और मेसी के लाखों भारतीय प्रशंसक खुश हैं।

### फाइनल में पेनल्टी से जीता था अर्जेंटीना

अर्जेंटीना ने फीफा वर्ल्ड कप फाइनल में फ्रांस को पेनल्टी शूट आउट में 4-2 से हराया था। तय 90 मिनट तक दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर रही थी। एक्स्ट्रा टाइम के बाद मुकाबला 3-3 की बराबरी पर रहा था। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट से फैसला हुआ। मैच में फाइनल में मेसी ने दो गोल किए थे। वहीं, फ्रांस के लिए किलियन एमबाप्पे ने हैट्रिक जमाई थी।

### ऊर्जा सप्ताह 2023 का उद्घाटन करने पहुंचे थे PM मोदी

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भारत ऊर्जा सप्ताह 2023 का उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान, PM मोदी ने भारत में एनर्जी डिमांड की बात पर जोड़ दिया। उन्होंने एनर्जी सेक्टर में ग्रोथ के बारे में बताया और कहा - आज भारत एनर्जी में निवेश के लिए सबसे बढ़िया स्थान है।

## कारोबार

### बाजार भाव

**किराना :-** शक्कर 3520-3550, खोपरा गोला 130-160, खोपरा बूरा 2200-3700 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 290-300, ऊंझा हल्का 290-295, मीडियम 310-325, बेसट 350-360, हल्दी निजामाबाद 100-120, सांगली 160-162, साबूदाना हल्का 4900-4950, मीडियम 5000-5100, बेस्ट 5150-5250, वरलक्ष्मी 5700, सौंफ मोटी 160-175, मीडियम 185-200, बेस्ट 220-245, सौंफ बारिक 185-200, कालीमिर्च एटम 550-560, गरबल 535-545, मटर दाना 575-590, खसखस अनक्लीन 675-950, क्लीन 1150-1350, दालचीनी 250-275, बेस्ट 300, जायफल 675-700, बेस्ट 725-750, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 85-90, पत्थर फूल 325-375, बेस्ट 450-525, जावत्री 1950-2100, केसर 155-160, बेस्ट 168-170, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 680-710, बेस्ट 725-740, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-182, सिंदूर 6600, देशी कपूर 945-950, पूजा बादाम 90-100, बेस्ट 160-165, पूजा सुपारी 460-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 875-900, विरूद्ध नगर 1025-1075, मीडियम 1225-1325, बोल्ड 1425-1550, एक्स्ट्रा बोल्ड 1600-1825, पानबार 850-950, बड़ी इलायची 600-700, बेस्ट 725-875, तरबूज मगज 350-400, काजू (240) 750-790, काजू (320) 660-700, काजू डब्ल्यू वन 650-660, एस. डब्ल्यू (300) 650-660, एस.एस. डब्ल्यू 650-655, काजू जे.एच. 680-690, टुकड़ी 660-670, बादाम मगज 570-620, सिंगापुरी 560-570, अखरोट 385-425, बेस्ट 550-600, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 375-475, बेस्ट 500-550, इंडियन 190-200, बेस्ट 240-260, चारौली 1200, बेस्ट 1250, मुनक्का 375-550, बेस्ट 575-750, अंजीर 675-1250, मखाना 425-650, बेस्ट 740-750, खारक 90-110, मीडियम 115-150, बेस्ट 160-175, एक्ट्रा बेस्ट 180-200, पिस्ता मोटा 1675-1725, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1650-1660, मैदा कट्टा 1700-1710, रवा कट्टा 1730-1740, बेसन 3275 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1500-1550, (160) 1900-1925, (200) 2150-2200, (250) 2300-2350

**तेल :-** सींगदाना 1630-1650, मुम्बई 1620, राजकोट तेलिया 2500-2520, सोया साल्वेंट 1120-1125, सोया रिफाइंड 1135-1140, कपास्या 1015, धूलिया 1020, कड़ी 1020,

**तिलहन :-** सरसो 5300-5400, रायडा 5200-5300, सोयाबीन 5200-5500, एवरेज 4800-5000, टोली (महुआ बीज) 4100-4150, अलसी 7500-7600,

**दलहन :-** चना कांटेवाला बेस्ट 4950-5000, एवरेज 4700-4800, विशाल 4700-4800, देशी 5300-5350,

### अंडर-कंस्ट्रक्शन रियल एस्टेट में 84% हाउसिंग सेक्टर

# देश में 7 साल में 90 हजार नए स्टार्टअप बने, रियल एस्टेट सेक्टर में 7 साल में 700 गुना बढ़े प्रॉप-टेक स्टार्टअप

नई दिल्ली

कोरोना काल में सोशल डिस्टेंसिंग का प्रचलन बढ़ने के बाद रियल एस्टेट और हाउसिंग कंपनियों ने ऑनलाइन प्रॉपर्टी प्रमोशन और सेल पर ज्यादा ध्यान दिया। यही वजह है कि रियल एस्टेट सेक्टर से जुड़े प्रॉप-टेक स्टार्टअप की संख्या में 2016 के मुकाबले 700 गुना की बढ़ोतरी देखने को मिली है। प्रॉपर्टी कंसल्टेंट एनारॉक की सोमवार को प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक 2016 में जहां देश में महज 2 प्रॉप-टेक स्टार्टअप थे वहीं 2022 के अंत तक इनकी संख्या 1400 से ज्यादा हो गई है। इनमें से 30% जहां प्री-सीड स्टेज में हैं वहीं 56% प्रॉप-टेक स्टार्टअप्स को



निवेशकों से अच्छा-खासा फंड मिल रहा है। लगभग 14% प्रॉप-टेक स्टार्टअप फिलहाल मान्यता प्राप्ति की स्टेज में हैं और जल्द ही फंड उगाही की स्टेज में आ जाएंगे। हालांकि देश में कुल अंडर-कंस्ट्रक्शन रियल एस्टेट में हाउसिंग सेक्टर की हिस्सेदारी 84% है, लेकिन अभी प्रॉप-टेक स्टार्टअप में महज 700-800 कंपनियां ही 13% हिस्सेदारी रखती हैं। हाउसिंग कंपनियों के लिए प्रॉप-टेक में अभी काफी गुंजाइश है।

भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इकोसिस्टम है। 2016 में सरकार द्वारा स्टार्टअप इंडिया मुहिम शुरू किए जाने के बाद से 7 साल के भीतर देश में मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स की संख्या में 21 गुना बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आज की तारीख तक देश में मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या 90500 से अधिक हो गई है जो कि 2016 में महज 450 थी। एनारॉक के सीनियर डायरेक्टर प्रशांत ठाकुर ने बताया कि रियल एस्टेट सेक्टर ने कोविड के बाद टेक्नोलॉजी को तेजी से अपनाया है। प्रॉप-टेक की संख्या 200% सालाना की दर से बढ़ी है। इससे ग्राहकों को प्रॉपर्टी खोजने के लिए बहुत ज्यादा भटकना नहीं पड़ता। फोर्ब्स के आंकड़ों के मुताबिक 90% उपभोक्ता ऑनलाइन प्रॉपर्टी सर्च करते हैं और 51% ऑनलाइन खरीदारी तक पहुंचते हैं।

### 3 इलेक्ट्रिक बाइक लॉन्च कर सकता है OLA

इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर सेगमेंट में अपनी धाक जमाने वाली ओला 9 फरवरी को बड़ा धमाका करने वाली है। कंपनी के सीईओ भावेश अग्रवाल ने ट्विटर पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने बताया कि कंपनी 9 फरवरी को नए प्रोडक्ट की घोषणा करने के लिए पूरी तरह तैयार है। अग्रवाल ने कहा, अपनी कुर्सी की पेटी बांध लीजिए क्योंकि मौसम बिगड़ने वाला है।

# अडाणी ग्रीन एनर्जी का नेट प्रॉफिट 110% बढ़ा

नई दिल्ली

अडाणी ग्रुप ने अडाणी ग्रीन एनर्जी, अडाणी पोर्ट्स और अंबुजा सीमेंट के 31 दिसंबर 2022 को खत्म तीसरी तिमाही (QxFY23) के रिजल्ट अनाउंस कर दिए हैं। इस तिमाही में अडाणी ग्रीन एनर्जी का नेट प्रॉफिट साल-दर-साल करीब 110% बढ़कर 103 करोड़ रुपए रहा। पिछले साल की समान तिमाही में अडाणी ग्रीन एनर्जी का नेट



प्रॉफिट 49 करोड़ रुपए रहा था। QxFY23 में अडाणी पोर्ट्स का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 16% घटकर 1,315 करोड़ रुपए रहा है। पिछले साल की समान तिमाही में अडाणी पोर्ट्स का नेट प्रॉफिट 1,479 करोड़ रुपए रहा था। ऑपरेशन से अडानी पोर्ट्स का रेवेन्यू 17.5% (YoY) बढ़कर QxFY23 में 4,786.17 करोड़ रुपए हो गया, जबकि पिछले साल की तीसरी तिमाही में यह 4,072 करोड़ रुपए था। वहीं तीसरी तिमाही में अंबुजा सीमेंट का नेट प्रॉफिट साल-दर-साल 46.4% बढ़कर 369 करोड़ रुपए हो गया।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)